दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

जयपुर
शनिवार, 10 फरवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष- अमावस्या
विसं 2080

वर्ष: 3 | अंक: 62 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### सीएम विजिलेंस में ASP शर्मा और गर्ग को लगाया



**जयपुर।** आईपीएस के बाद भाजपा सरकार में पहली आरपीएस तबादला सूची शुक्रवार को गृह विभाग ने जारी कर दी। गृह विभाग ने 20 एडिशनल एसपी रैंक के अफसरों के तबादले किए हैं। एडिशनल डीसीपी नॉर्थ दिनेश शर्मा और हाल ही में एडिशनल एसपी के पद पर पदोन्नत हुए दीपक गर्ग को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री सतर्कता पद पर लगाया है। दीपक गर्ग के पास सीआईडी एसएसीबी का चार्ज भी रहेगा, जबकि सीएमओ में तैनात धनपतराज व रजनीश कुमार शुक्ला को एपीओ कर दिया। दोनों अफसरों को डीजीपी ऑफिस में उपस्थिति देनी पड़ेगी।

■ पेज 2 भी देखें

### सीएमओ में लगाया अंजू राजपाल और OP बुनकर को



**जयपुर।** भजनलाल सरकार ने 24 आरएएस अफसरों के तबादले किए हैं। अधिकांश अफसरों के मंत्रियों का विशिष्ट सहायक लगाया गया है। कार्मिक विभाग ने आदेश करते हुए अंजू राजपाल और ओम प्रकाश बुनकर-1 को संयुक्त सचिव, सीएम के पद पर लगाया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव रहे ललित कुमार को प्रबंध निदेशक, राजस्थान बीज निगम, जयपुर के पद पर लगाया गया है। इसके अलावा आरएएस को रिक्त पदों पर लगाया गया है।

■ पेज 2 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**'सच बेधड़क' के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने शानदार बजट के लिए वित्त मंत्री को दी बधाई**

# डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने की रामाभिषेकम् और विशाल आरती कार्यक्रम की तारीफ



**बेधड़क | जयपुर**

सच बेधड़क न्यूज ग्रुप की ओर से 15 जनवरी को अल्बर्ट हॉल पर भव्य रामाभिषेकम और विशाल आरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में देशभर के साधु-संत और नामचीन हस्तियों ने शिरकत की। प्रदेश में ही नहीं देशभर में भव्य कार्यक्रम की चर्चा है। रामकाज को आगे बढ़ाते हुए सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने अयोध्या से लाए गए 200 साल के प्राचीन रामलला के विग्रह की तस्वीर को जन-जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को विनायक शर्मा ने डिप्टी सीएम दीयाकुमारी से मुलाकात की। डिप्टी सीएम दीयाकुमारी को रामलला की तस्वीर और कार्यक्रम का ब्रोशर भेंट किया। उन्होंने रामलला के दिव्य स्वरूप के दर्शन किए।



इस दौरान विनायक शर्मा ने दीयाकुमारी को सच बेधड़क की अंतरिम बजट कवरेज की डेडिकेटिड कॉपी भेंट की। सच बेधड़क अखबार के कवरेज की दीयाकुमारी ने प्रशंसा की। वहीं विनायक शर्मा ने कहा सच बेधड़क चैनल ने भी बजट का अच्छा कवरेज किया। दीयाकुमारी ने सच बेधड़क के कवरेज को सराहा। विनायक शर्मा और दीया कुमारी के बीच काफी देर तक चर्चा हुई। इस दौरान दोनों हस्तियों ने अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान दीयाकुमारी ने रामभिषेकम कार्यक्रम के लिए सच बेधड़क के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक को बधाई दी। वहीं विनायक शर्मा ने राजस्थान के शानदार बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री दीया कुमारी को बधाई दी। इस दौरान दीयाकुमारी और विनायक शर्मा के बीच आध्यात्मिक और सियासी मुद्दों पर भी चर्चा हुई। सच बेधडक मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने डिप्टी सीएम दीया कुमारी को चैनल के स्टूडियो आने का निमंत्रण दिया तो उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि जरूर आएंगे।

■ पेज 3 भी देखें

**पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर की घोषणा**

# चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव और स्वामीनाथन को भारत रत्न



**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों को भारत रत्न देने की घोषणा की। सरकार ने पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव और चरण सिंह को भारत रत्न देने का फैसला लिया है। इसके साथ ही वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भी भारत रत्न से नवाजा गया। इससे पहले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि देश के पूर्व प्रधान मंत्री, पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। नरसिम्हा राव को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और कई वर्षों तक संसद और विधान सभा के सदस्य के रूप में किए गए कार्यों के लिए समान रूप से याद किया जाता है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने और देश की समृद्धि के लिए एक ठोस नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



**इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के प्रतिबद्ध रहे चौधरी चरण सिंह:** पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारी सरकार का सौभाग्य है कि देश के पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को देखते हुए यह सम्मान दिया जा रहा है। चौधरी चरण सिंह ने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। चाहे वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृहमंत्री या फिर एक विधायक उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति दी। वह आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे।

**नरसिम्हा राव ने की थी आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत:** पीएम मोदी ने कहा, 'एक प्रतिष्ठित विद्वान और राजनेता के रूप में नरसिम्हा राव ने विभिन्न पदों पर रहते हुए भारत की व्यापक सेवा की। उन्हें आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और कई वर्षों तक संसद सदस्य और विधान सभा सदस्य के रूप में किए गए कार्यों के लिए भी याद किया जाता है।' उनके नेतृत्व ने देश की समृद्धि और विकास के लिए एक ठोस नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री के रूप में नरसिम्हा राव का कार्यकाल महत्वपूर्ण कदमों से भरा था, जिसने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोला और इससे आर्थिक विकास के एक नए युग की शुरुआत हुई।

**डॉ. स्वामीनाथन को भारत रत्न मिलना खुशी की बात:** पीएम ने कहा कि भारत सरकार कृषि और किसानों के कल्याण में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित करने का फैसला किया है। पीएम मोदी ने कहा कि डॉ स्वामिनाथन ने चुनौतीपूर्ण समय में भारत को कृषि में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय कृषि को आधुनिक बनाने की दिशा में शानदकार काम किए। डॉ. स्वामीनाथन के दूरदर्शी नेतृत्व ने न केवल भारतीय कृषि को बदल दिया है बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और समृद्धि भी सुनिश्चित की है।

### सोनिया गांधी ने किया स्वागत



कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव को 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा का स्वागत किया। सोनिया गांधी ने कहा, 'मैं इसका (घोषणा) स्वागत करती हूं। क्यों नहीं?' प्रधानमंत्री बनने से पहले राव विदेश मंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री सहित कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे। वे 1971 से 73 तक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। राव का जन्म 28 जून 1921 को करीमनगर में हुआ था जो अब तेलंगाना का हिस्सा है।

### जयंत चौधरी बोले... 'दिल जीत लिया'



राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने लिखा- 'दिल जीत लिया' आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी ने मीडिया से चर्चा में कहा कि यह मेरे लिए एक बड़ा दिन और भावनात्मक क्षण है। मैं राष्ट्रपति, केंद्र सरकार और पीएम मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि यह उनके दृष्टिकोण का हिस्सा था। तीन पुरस्कार दिए गए हैं। देश की भावनाएं सरकार के इस फैसले से जुड़ी हुई हैं।

**पाक के मौजूदा हालात में कांटों का ताज होगी सत्ता**

# इमरान को सर्वाधिक सीटें... मगर बहुमत से दूर



**एजेंसी | इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर हुई हिंसा और पाबंदियों के बीच हुई चुनाव के परिणामों पर पूरी दुनिया की नजर बनी हुई। अब तक के नतीजों में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और जेल में बंद इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थन से लड़ रहे उम्मीवार आगे चल रहे हैं। अब तक के चुनाव परिणामों में पाकिस्तान की राजनीति के कई बड़े चेहरों ने जीत हासिल की है, जबकि कुछ बड़े नामों को हार का भी सामना करना पड़ा है। नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन की उम्मीदवार मरियम नवाज शरीफ, शहबाज शरीफ और हमजा शरीफ नेशनल असेंबली के लिए चुन लिए गए हैं। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बिलावल भुट्टो जरदारी और खुर्शीद शाह जैसे बड़े नाम भी चुनाव जीत गए हैं। पाकिस्तान में गुरुवार को वोटिंग के समय तक चुनाव को कई विशेषज्ञ 'इलेक्शन नहीं सेलेक्शन' करार दे रहे थे। कहा जा रहा था सेना का समर्थन होने की वजह से नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन आसानी से बहुमत हासिल करेगी और वह पीएम बनेंगे। वोटों की गिनती शुरू होने के बाद ऐसा होता नहीं दिख रहा है। इमरान खान के सामने दूसरे नेता काफी अंतर से पिछड़ रहे हैं।

### पीटीआई ने दर्ज की 96 सीटों पर जीत

अब तक के चुनावी नतीजों के अनुसार 266 सीटों पर हुए नेशनल असेंबली के चुनाव में इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने लगभग 96 सीटों पर जीत दर्ज की है. नवाज शरीफ की पीएमएल-एन ने 66 सीटों पर जीत हासिल हुई है. इसके साथ ही पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने लगभग 51 सीटों पर जीत दर्ज की है. एमक्यूएम-पी ने 14 सीटों, पीएमएल ने तीन सीटों, आईपीपी ने दो सीटों, जेयूआई-पी ने दो सीटों और पीएनएपी और एमडब्ल्यूएम ने एक-एक सीटों पर जीत हासिल की है।

### नए पीएम के लिए आसान नहीं राह

इस सबके बावजूद भले ही पीटीआई समर्थित उम्मीदवार जीत जाएं लेकिन आगे की राह आसान नहीं है। डगमगाती अर्थव्यवस्था, सीमाओं पर संघर्ष और बढ़ती महंगाई से हर आम पाकिस्तानी परेशान हैं। अगर किसी को बहुमत नहीं मिलता है तो राजनीतिक अनिश्चितता इन संकटों को और ज्यादा बढ़ाएगी। ऐसे में जो भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद पर बैठेगा, उसके सिर पर इन सब मुश्किलों के रूप में कांटों का ताज भी होगा, जिससे उसे पार पाना होगा।

## हल्द्वानी: हिंसा में मरने वालों की संख्या हुई पांच

**देहरादून।** उत्तराखंड के हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में अवैध मदरसा तोड़े जाने के दौरान भड़की हिंसा में 5 लोगों की मौत हो गई है। हालात पर काबू पाने के लिए क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया गया है, जबकि दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए गए हैं। नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना में छह व्यक्तियों की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि एक पत्रकार समेत 7 घायलों का शहर के विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। हल्द्वानी में हालात का जायजा लेने के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासन और पुलिस की टीम पर ''सुनियोजित तरीके से हमला किया गया।''

■ पेज 8 भी देखें

**मत्स्य विभाग के तत्कालीन निदेशक बोले...**

# 'टेंडर का 10% दो... फिर चिट्टी तो क्या कोई से भी जाल से निकालो मछली'

- ACB ने किया IAS प्रेमसुख बिश्नोई और राहुल देव के खिलाफ घूस का एक और मामला दर्ज
- आरोपियों ने एक अन्य ठेकेदार से ली थी 50 हजार रुपए की घूस
- टेंडर की कुल राशि में से 10% घूस की डिमांड की थी आरोपियों ने

**बेधड़क | जयपुर**

मछली पालन का व्यवसाय करने वाले ठेकेदारों से मत्स्य विभाग के तत्कालीन निदेशक आईएएस प्रेमसुख बिश्नोई व तत्कालीन सहायक निदेशक राहुल देव बांधों से मछली निकालने पर टेंडर की कुल राशि में से 10 फीसदी घूस लेते थे। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने प्रेमसुख बिश्नोई और राहुल देव के खिलाफ घूस मांगने का एक और मामला दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपी फिलहाल 35 हजार रुपए की घूस लेने के आरोप में जेल में बंद है। एसीबी को 8 जनवरी को परिवादी सूरज कुमार गुप्ता ने शिकायत की थी। आरोप था कि उसका व उसके पार्टनर ने बूंदी स्थित इंद्राणी बांध व अभयपुरा बांध और टोंक स्थित श्योदानपुरा बांध में मछली पकड़ने का टेंडर लिया था। तीनों टेंडर की राशि करीब 25 लाख रुपए थी। जब सितंबर माह में सूरज कुमार ने बांधों में मछली पकड़ने का काम शुरू किया तो मौके पर मत्स्य अधिकारी मदनलाल मौके पर पहुंच गए और काम को रुकवा दिया। मदनलाल ने सूरज कुमार को नसीहत दी कि पहले डायरेक्टर साहब से मिलो और उसके बाद काम शुरू करो। इसके बाद सूरज कुमार सहायक निदेशक राहुल देव से मिला तो वह संयुक्त निदेशक लियाकत अली के पास लेकर गया और डायरेक्टर प्रेमसुख बिश्नोई से मिलाया। प्रेमसुख बिश्नोई ने तीनों टेंडर की राशि पूछी तो परिवादी ने जवाब दिया कि तीनों बांध के टेंडर की राशि करीब 25 लाख रुपए है। इस पर डायरेक्टर ने कहा टेंडर राशि का 10 फीसदी 2.50 लाख रुपए दे दो और फिर छूट है चिट्टी क्या कोई से जाल भी मछली निकालो। दरअसल चिट्टी के जाल से मछली निकालने पर प्रतिबंध है। ऐसे में ठेकेदारों को टेंडर निरस्त करने की धमकी देकर घूस लेते थे।



प्रेमसुख विश्नोई



राकेश देव

**...टाइम ले लो पैसा तो पूरा करो:** परिवादी ने ढाई लाख की घूस ज्यादा मांगने पर कम करने की रिक्वेस्ट की, लेकिन आरोपी अड़े रहे। आरोपी राकेश देव ने परिवादी को कहा मैं साहब से बात कर लूंगा। अभी 50 हजार देकर जाओ। परिवादी ने 50 हजार रुपए दे दिए। इसके बाद राकेश ने कहा साहब को 50 देकर बोलूंगा कि वह 50 और बाद में देगा। लेकिन डायरेक्टर प्रेमसुख बिश्नोई डिमांड पर ही अड़ा रहा। परिवादी ने राकेश देव से डायरेक्टर प्रेमसुख से एक बार मिलाने को कहा तो उसने परिवादी को ऑफिस बुला लिया। परिवादी जब ऑफिस गया तो राकेश देव ने उसको कहा साहब ने मिलने से इनकार कर दिया और कहा कि दो तो करने ही पड़ेंगे। टाइम ले लो पैसा तो पूरा करो। एसीबी ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करने के बाद ट्रेप की योजना बना ली थी। इससे पहले ही एसीबी ने एक अन्य परिवादी की शिकायत पर आरोपी प्रेमसुख व राहुल देव को 35 हजार की घूस लेते गिरफ्तार कर लिया।

### मछली पकड़ने व परिवहन का लाइसेंस जारी करने के लिए थी घूस

एसीबी ने पिछले माह मत्स्य विभाग के डायरेक्टर प्रेमसुख बिश्नोई और सहायक निदेशक राहुल देव को एक परिवादी की शिकायत पर अन्नपूर्णा तालाब टोंक से मछली पकड़ने व परिवहन का लाइसेंस जारी करने की एवज में 35 हजार रुपए की घूस लेते गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने परिवादी से 1 लाख रुपए की डिमांड की थी।

## जरूरी खबर

### केंद्रीय मंत्री से दिल्ली में मिला जाट प्रतिनिधिमंडल



**बेधड़क.जयपुर।** केंद्र में ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर 24 दिन से जयचोली में भरतपुर, धौलपुर और डीग जिले के जाट महापड़ाव डाले हुए हैं। शुक्रवार को आरक्षण संघर्ष समिति के 8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की दिल्ली में केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार के साथ वार्ता हुई। अब अगले दौर की वार्ता 12 फरवरी को होगी। आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार ने बताया कि वार्ता में केंद्र में ओबीसी आरक्षण, ओबीसी आयोग की रिपोर्ट समेत हर पहलू पर चर्चा हुई।

### आसाराम को दिल्ली एम्स में इलाज की मंजूरी

**बेधड़क.जयपुर।** आसाराम की ओर से हाइकोर्ट में दायर अपराधिक विविध याचिका एक बार फिर से खारिज हो गई। आसाराम की ओर से इलाज के लिए फिर से याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने आसाराम को एयर एंबुलेंस से दिल्ली एम्स में इलाज करने की परमिशन दी लेकिन आसाराम आयुर्वेद इलाज के लिए ही अड़े रहे इस पर जस्टिस विनित कुमार माथुर व दिनेश मेहता की बेंच ने याचिका खारिज कर दी। बता दें कि आसाराम को जोधपुर एम्स ने दिल्ली एम्स रेफर कर दिया था। इस पर हाईकोर्ट ने एयर एंबुलेंस से एक अटेंडेंट व एक पुलिस कर्मी के साथ दिल्ली एम्स में अपना इलाज करवाने के लिए मंजूरी दी।

### आरबीएसके शिविर में 117 बच्चों को मिला उपचार



**बेधड़क.जयपुर।** जिले के उपजिला अस्पताल, चाकसू में आरबीएसके शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय तथा आंगनवाड़ी केंद्रों की ओर से स्क्रीनिंग किए गए 117 बच्चों का उपचार किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. बी. एल. मीणा ने बताया कि शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. शंकरलाल प्रजापत, ईएनटी के डॉ. संजय मीणा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता महरिया, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता जांगिड़, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा शर्मा, फिजीशियन डॉ मुकेश मीणा और नेत्र चिकित्सा सहायक लक्ष्मी चौधरी ने अपनी सेवाएं दी। कैम्प में 117 बच्चों का उपचार किया गया।

## छह अफसर CMO में लगे, मंत्रियों को भी मिले स्पेशल असिस्टेंट

# अफसरशाही में फेरबदल, 24 आरएस अफसरों के तबादले

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में फिर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। शुक्रवार को 24 आरएएस अधिकारियों का तबादला हुआ है। इनमें से 6 अफसर मुख्यमंत्री कार्यालय में लगाए गए हैं। इसके साथ ही मंत्रियों को भी स्पेशल असिस्टेंट मिले हैं।

कर्मिक विभाग की ओर से इसकी चिट्ठी जारी कर दी गई है। कर्मिक विभाग की ओर से जारी चिट्ठी के अनुसार छह अफसरों को सीएमओ में उपसचिव और ओएसडी के पद पर लगाया गया है। वहीं 16 आरएएस अफसरों को मंत्रियों के यहां स्पेशल असिस्टेंट के पद पर लगाया है। इस तबादले के बाद अब ज्यादातर मंत्रियों को एसए मिल गए हैं।

**छह अफसरों को CMO में उपसचिव और ओएसडी के पद पर लगाया**



### इन अधिकारियों का हुआ तबादला

ललित कुमार को प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान बीज निगम जयपुर, अंजू राजपाल को संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान, जय नारायण मीणा को विशिष्ठ सहायक, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, जयपुर, नरेश कुमार मालव को विशिष्ठ सहायक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, जयपुर, ओम प्रकाश बुनकर-1 को संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान, जयपुर, राजपाल सिंह को विशिष्ठ सहायक, उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री कृष्ण कुमार के. के. विश्नोई, जयपुर, ओमप्रकाश पंचम को विशिष्ठ सहायक, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़, जयपुर, रामरतन सौंकरिया को विशेषाधिकारी, मुख्यमंत्री, राजस्थान, जयपुर, राकेश कुमार को विशिष्ठ सहायक, पंचायती राज और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, जयपुर, राजकुमार सिंह को विशेषाधिकारी, मुख्यमंत्री, राजस्थान, जयपुर, भगवत सिंह राठौड़ को विशिष्ठ सहायक, जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा मंत्री बाबूलाल खराड़ी, जयपुर, जयप्रकाश नारायण को उप सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान, जयपुर, संजय कुमार-1 को विशिष्ठ सहायक, संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, जयपुर, हेमेंद्र नागर को उप सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान, जयपुर, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल को विशिष्ठ सहायक, जल संसाधन एवं जल संसाधन (आयोजना) मंत्री सुरेश सिंह रावत, जयपुर, शैलेश सुराणा को विशिष्ठ सहायक, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, जयपुर, सूरज सिंह नेगी को विशिष्ठ सहायक, सहकारिता विभाग एवं नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार, मुरारी लाल शर्मा को विशिष्ठ सहायक, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, जयपुर, चन्दन दुबे को विशिष्ठ सहायक, पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, जयपुर, कालूराम खौड़ को निजी सचिव, राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री हेमंत मीणा, जयपुर, डॉ भास्कर विश्नोई को निजी सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, जयपुर, राजेन्द्र कुमार डांगा को निजी सचिव, सार्वजनिक निर्माण, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ मंजू बाघमर, जयपुर, रोहित कुमार को निजी सचिव, राजस्व, उपनिवेशन, सैनिक कल्याण कल्याण राज्यमंत्री विजय सिंह, जयपुर व ओम प्रकाश मीणा को सहायक कलक्टर (मुख्यालय), भरतपुर लगाया है।

## दो को मुख्यमंत्री की सुरक्षा में लगाया

# 32 RPS अधिकारियों का ट्रांसफर

भजनलाल सरकार ने आज राजस्थान पुलिस सेवा (आरपीएस) के 32 अधिकारियों के ट्रांसफर किए हैं। सरकार ने पहले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के 20 अधिकारियों के तबादले आदेश जारी किए। इनमें 2 अधिकारियों को मुख्यमंत्री की सुरक्षा में लगाया गया है। इसके बाद पुलिस महानिदेशक कार्यालय से जारी आदेश के बाद डिप्टी एसपी के 12 अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, दिनेश कुमार शर्मा और दीपक गर्ग को क्रमश: एडिशनल एसपी मुख्यमंत्री (सतर्कता) और एडिशनल एसपी, सीआईडी (एसएसबी) जयपुर अटैच मुख्यमंत्री (सतर्कता) लगाया गया है। गर्ग को डिप्टी एसपी से पदोन्नति पर एडिशनल एसपी बनाकर भेजा गया है।

### इन एडिशनल एसपी के किए तबादले

दिनेश कुमार शर्मा : एडिशनल एसपी मुख्यमंत्री (सतर्कता), जयपुर, दीपक गर्ग : एडिशनल एसपी, सीआईडी (एसएसबी) जयपुर अटैच मुख्यमंत्री (सतर्कता), सोहेल राजा : एडिशनल एसपी लीव रिजर्व सीआईडी (सीबी) जयपुर, योगिता मीणा : एडिशनल एसपी राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए), जयपुर, कमल शेखावत : एडिशनल एसपी विकास कोष एवं आधुनिकरण, पुलिस मुख्यालय जयपुर, रामचंद्र मूड : एडिशनल एसपी, पुलिस लाइन जयपुर कमिश्नरेट, रामसिंह : एडिशनल एसपी, एंटी चीटिंग सेल, एसओजी जयपुर, राजेन्द्र कुमार गुप्ता : एडिशनल एसपी सीआईडी (सीबी) जयपुर, अनुकृति उज्जैनिया : एडिशनल एसपी आरपीए जयपुर, समीर कुमार : एडिशनल डीसीपी वेस्ट जयपुर कमिश्नरेट, सुरेन्द्र कुमार सागर : एडिशनल डीसीपी प्रोटोकॉल जयपुर कमिश्नरेट, लालचंद कायल : एडिशनल एसपी नीमराना, कोटपूतली बहरोड, गजेन्द्र सिंह जोधा : एडिशनल एसपी जिला सीकर, रामस्वरूप शर्मा : एडिशनल डीसीपी मेट्रो, जयपुर कमिश्नरेट, अनिल कुमार मीणा : एडिशनल एसपी जीआरपी अजमेर, हिम्मत सिंह : एडिशनल एसपी सिविल राइट्स, पुलिस मुख्यालय जयपुर, राजेन्द्र सिंह सिसोदिया : एडिशनल एसपी लीव रिजर्व, सिविल राइट्स पुलिस मुख्यायल जयपुर, विनोद कुमार सीपा : एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक साउथ जयपुर कमिश्नरेट, अंजुम कायल : एडिशनल एसपी सतर्कता, पुलिस मुख्यायल जयपुर, बृजमोहन मीणा : एडिशनल डीसीपी बर्गलरी/थेफ्ट जयपुर कमिश्नरेट

### इन डिप्टी एसपी को किया इधर-उधर

आनंद सिंह राजपुरोहित : सहायक पुलिस आयुक्त एससी/एसटी सेल, जोधपुर आयुक्तालय, नरेन्द्र कुमार : डिप्टी एसपी लीव रिजर्व सीआईडी (सीबी) जयपुर, राज कंवर : डिप्टी एसपी लीव रिजर्व सिविल राइट्स, राजस्थान जयपुर, राजेश कुमार शर्मा : डिप्टी एसपी लीव रिजर्व सीआईडी (सीबी) जयपुर, रोहित चावला : डिप्टी एसपी लीव रिजर्व सीआईडी (सीबी) जयपुर, आशीष कुमार भार्गव : सहायक कमांडेंट, 2 आरएसी कोटा, बंसीलाल : सहायक पुलिस आयुक्त एससी/एसटी सेल, जयपुर आयुक्तालय, निकिता जाखड़ : सहायक पुलिस आयुक्त, पुलिस कंट्रोल रूम जयपुर, बंसीलाल पाण्डर : वृत्ताधिकारी, गुलाबपुरा जिला भीलवाड़ा, रमेश कुमार शर्मा : वृत्ताधिकारी बाड़मेर, जिला बाड़मेर, पिन्टु कुमार : वृत्ताधिकारी अलवर ग्रामीण जिला अलवर, योगेश चौधरी : सहायक पुलिस आयुक्त, कोतवाली जयपुर आयुक्तालय में लगाया है।

## 70 हजार रिश्वत लेते पकड़ा

# UIT कैशियर-जूनियर अकाउंटेंट गिरफ्तार

■ स्ट्रीट लाइट कंपनी के बकाया भुगतान की एवज में मांगी थी घूस



**बेधड़क | जयपुर**

बीकानेर यूआईटी में एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कैशियर और जूनियर अकाउंटेट को ट्रैप किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर शर्मा की अगुवाई में सीआई आनंद कुमार ने कार्रवाई करते हुए जूनियर अकाउंटेट गणेश कलवानी और कैशियर मनीष खत्री को 70 हजार रुपए की राशि के साथ रंगे हाथों पकड़ा है।

सीआई आनंद कुमार ने बताया कि यह राशि स्ट्रीट लाइट कंपनी के बकाया भुगतान की एवज में मांगी गई थी। जानकारी के अनुसार, उदय बिल्ट प्राइवेट लिमिटेड के सुपरवाइजर अशोक कुमार ने एसीबी को परिवाद दिया था कि उनकी कंपनी का 19 लाख का भुगतान नगर विकास न्यास में बकाया है। इस भुगतान की एवज में जूनियर अकाउंटेंट गणेश कलवानी और कैशियर मनीष खत्री ने 4। 25 प्रतिशत कमीशन के हिसाब से 80 हजार रुपए का कमीशन मांगी। परिवादी के अनुसार, बिल पास करने की एवज में 70 हजार रुपए देना तय हुआ, जिसके लिए सात फरवरी को कैशियर मनीष खत्री, जूनियर अकाउंटेंट गणेश कलवाणी से सत्यापन को एसीबी की टीम ने निगर विकास न्यास कार्यालय में ही कार्रवाई कर इन दोनों को नकद राशि के साथ पकड़ा है।

# अग्निपथ योजना के विरोध में NSUI का अभियान

**बेधड़क | जयपुर**

कांग्रेस से जुड़ा छात्र संगठन एनएसयूआई "जय जवान-अन्याय के विरुद्ध न्याय का युद्ध' कैंपेन की शुरुआत करेगा। इस संबंध में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने बताया कि केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में और छात्र संघ चुनाव को शुरू करने की मांग को लेकर ये कैंपेन चलाया जाएगा।

विनोद जाखड़ ने दावा किया है कि इस योजना के कारण अवसाद में बिहार में करीब 64 युवाओं सुसाइड कर लिया। 2019 से 2022 के बीच सेना में चयनित हुए करीब डेढ़ लाख युवा ऐसे हैं, जिन्हें आज तक नियुक्ति नहीं दी गई। ऐसे में सरकार उन्हें तुरंत प्रभाव से जॉइनिंग दे। उन्होंने कहा कि सेना भर्ती की स्थाई प्रणाली को लागू करने और अग्निपथ योजना को बंद करने की मांग को लेकर एनएसयूआई पूरे राजस्थान में कैंपेन शुरू कर रही है। इसकी शुरुआत जयपुर से की जाएगी।

सभी संभाग, सभी जिलों में जाकर जो युवा इस योजना से प्रभावित हुए हैं, उन्हें साथ लेकर आंदोलन करेगी। इसके साथ ही छात्रों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को उठाया जाएगा। प्रत्येक जिला मुख्यालय पर विरोध दर्ज कराया जाएगा। विनोद जाखड़ ने बताया कि प्रत्येक यूनिवर्सिटी कैंपस में छात्र संघ चुनाव बहुत जरूरी हैं। आज छात्रसंघ नहीं होने से यूनिवर्सिटी प्रशासन छात्रों पर काफी हावी हो गया है। अगर छात्र संघ चुनाव होते हैं और छात्रसंघ एक्टिव रहता है।

## सुन्नी दावते इस्लामी का अधिवेशन संपन्न

# स्कॉलर्स ने समाज सुधार पर दिया बल

**बेधड़क | जयपुर**



सुन्नी दावते इस्लामी का सालाना इजलास जश्ने ताजदार ए शब-ए-असरा के रूप में यहां मस्जिद शेखान चार दरवाजा में एक विशाल अधिवेशन के रूप में आयोजित किया गया।

जिसमें प्रदेश, देश, विदेश के इस्लामी विद्वान व स्कॉलर्स ने हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उपस्थित जनों से आह्वान किया कि वे हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के बताएं नक्शे कदम पर चलकर अपने जीवन को संवारे। जयपुर शहर मुफ्ती अब्दुस्सत्तार के सानिध्य में आयोजित इस अधिवेशन की अध्यक्षता हाफिज मौलाना इकबाल ने की। वहीं सुन्नी दावते इस्लामी जयपुर के निगरां मौलाना सैयद मोहम्मद कादरी ने अपने बयान में सूफिज्म को प्रोत्साहित करने तथा हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह की तालीमत को जीवन में अपनाने की उपस्थित जनों से अपील की। अधिवेशन में श्रीलंका से आए मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता हाफिज एहसान इकबाल ने पैगंबरे इस्लाम की मेराज की फजीलत पर विस्तार से व्याख्यान दिया। साथ ही नौजवानों को नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के तरीके पर चलने की अपील की। वहीं उन्होंने सूफिज्म को फॉलो करने का आह्वान किया।

## नारी शक्ति वंदन समारोह आयोजित

# MLA बालमुकुन्दाचार्य ने गैस चूल्हे बांटे

**बेधड़क | जयपुर**



नगर निगम जयपुर हैरिटेज की ओर से जलमहल की पाल पर आयोजित नारी शक्ति वंदन समारोह में हवामहल के विधायक बालमुकुन्दाचार्य ने डे.एनयूएलएम राष्ट्रीय शहरी एवं आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की लगभग 40 महिलाओं को प्रमाण पत्र बांटे।

बालमुन्दाचार्य ने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के तहत प्रधानमंत्री उज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस चूल्हें भी बांटे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्तिम छोर के प्रत्येक व्यक्ति को सभी योजनाओं का लाभ दिला कर सबके जीवन में समृद्धि व खुशहाली लाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जैसे अनेक अनूठे अभियान चलाए हैं। हम सबका कर्तव्य है कि हम वंचितों व पात्रों को लाभ पहुंचाने में सहयोग करें। समारोह में हैनीमेन चेरिटेबल मिशन सोसायटी की सचिव व सनराईज ऑर्गेनिक ग्रुप ऑफ कम्पनिज की निदेशक मोनिका गुप्ता ने बताया कि उन्होनें प्रदेश में 5000 स्वयं सहायता समूह बना रखे हैं व प्रत्येक सहायता समूह 1 से 2 लाख रुपए कमा रहा हैं। इस मौके पर पार्षद रामकिशोर, अनिता जैन, रामकिशन जी शर्मा, उपायुक्त मनीषा यादव, उपायुक्त संजू पारीक व उप निदेशक जन सम्पर्क मोतीलाल वर्मा, नंदकिशोर शर्मा, सुरेश सैनी, मनोज वशिष्ठ विकसित भारत संकल्प यात्रा संयोजक जलमहल मंडल, विकसित भारत संकल्प यात्रा जलमहल मण्डल अध्यक्ष कैलाश जाँगिड, वीर कुमार जैन आदि उपस्थित रहे।


## कोटा विश्वविद्यालय का मामला, सत्यापन की प्रक्रिया पर उठे सवाल

# लापरवाही: बीपीएड एडमिशन के लिए खेल प्रमाण पत्र के अंकों में गड़बड़ी

**कुणाल भट्नागर | बेधड़क**

**जयपुर।** बीपीएड कोर्स के एडमिशन में बड़ा खेल सामने आया है। राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2023-2025 में दो वर्षीय बी.पी.एड. पाठ्यक्रम के लिए कोटा विश्वविद्यालय को बीपीएड प्रवेश एंजेसी बनाया गया।

प्रदेशभर में अभ्यर्थियों को बीपीएड के लिए कॉलेज आवंटन मेरिट आधार पर किया गया था। एडमिशन के लिए खेल प्रमाण पत्र के आधार पर 4 से लेकर 35 नंबर तक दिए जाना तय था। ऑनलाइन फॉर्म भरते समय अभ्यर्थियों ने




अपने खेल प्रमाण पत्र में गलत जानकारी भर दी। आश्चर्य की बात है कि प्रवेश एंजेसी द्वारा मेरिट लिस्ट तैयार करते समय भी इन अभ्यर्थियों ने जो जानकारी अपने खेल प्रमाण पत्र में भरी, उस जानकारी को सत्य मानकर आगे की कार्रवाई कर दी गई। ऐसे में कोटा विश्वविद्यालय की सत्यापन की प्रक्रिया पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं।

### खेल प्रमाण पत्र की जांच में चूक

बीपीएड में प्रवेश के लिए बकायदा एडमिशन से पहले प्रवेश एंजेसी द्वारा दिशा निर्देश दिए जारी किए गए। जानकारी के अनुसार खेल से जुड़े एक्सपर्ट दस्तावेजों की जांच करते हैं। क्या कारण रहा की अभ्यर्थी द्वारा दिए गए खेल प्रमाण पत्र की जांच करने में चूक हुई। दिशा निर्देशों में इस बात भी जिक्र है कि अस्थाई प्रवेशित अभ्यर्थियों का अंतिम दस्तावेज सत्यापन आवंटित महाविद्यालय द्वारा किया जावेगा यदि संबंधित अभ्यर्थी के दस्तावेज का मूल दस्तावेज से महाविद्यालय द्वारा सत्यापन पश्चात गलती पाई जाती है तो महाविद्यालय द्वारा प्रवेश निरस्त करने का अधिकार है। क्या आवंटित महाविद्यालय द्वारा इस पर कोई कार्रवाई की गई या इससे प्रवेश एंजेसी को अवगत कराया?

### खड़े हुए कई सवाल

इस पूरे मामले में अब बड़ा सवाल खड़ा होता है कि प्रवेश एंजेसी कोटा विश्वविद्यालय से अगर भूलवश गलती रह भी गई तो उसके बाद जिम्मेदारी संबधित आंवटित महाविद्यालय की बनती है। क्या इस खामी की सूचना आवंटित महाविद्यालय ने प्रवेश एंजेसी को दी। ऐसे कितने अभ्यर्थियों पर कार्रवाई की गई। क्या इस पूरे मामले में कही बड़े स्तर पर तो गड़बड़ी नहीं हुई? अब इस लापरवाही के लिए क्या उच्च शिक्षा विभाग जिम्मेदारी तय करेगा। क्या इस पूरे मामले की उच्च स्तर पर जांच नहीं होनी चाहिए।

### अंक देने में बड़ी गफलत

**पहला केस**

एक अभ्यर्थी को इंटर कॉलेज के खेल सर्टिफिकेट में 4 नंबर दिए जाने चाहिए थे, लेकिन यहां पर अभ्यर्थी को 20 नंबर दे दिए गए जो कि पूरी तरह से गलत है। क्योंकि विश्वविद्यालय की गांइड लाइन में इस स्तर के खेल प्रमाण पत्र को 4 नंबर दिए जाना तय था।

**दूसरा केस**

एक अन्य अभ्यर्थी को इंटर कॉलेज के लिए 4 नंबर दिया जाना तय था। लेकिन इस अभ्यर्थी को 25 नंबर दे दिए गए। जो कि पूरी तरह गलत है। आश्चर्य की बात है कि इन अभ्यर्थियों के खेल प्रमाण पत्र में केवल प्रतिभागी अंकित किया गया है।

"कई बार बच्चा भूलवश ऑनलाइन आवेदन करते समय गलत जानकारी भर देता है। अंतिम दस्तावेज सत्यापन की जिम्मेदारी संबधित महाविद्यालय की होती है। अंतिम सत्यापन की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई करते है। अगर इसके बाद भी कोई अभ्यर्थी इस त्रुटि का शिकार है तो हम अब भी उस पर कार्रवाई करके उसे बाहर कर सकते है।

**डॉ विजय सिंह, समन्वयक, प्रो. बी.पी.एड, कोटा विश्वविधालय**

"जब राजस्थान विश्वविद्यालय नोडल एंजेसी था तब बकायदा नोडल एंजेसी में अच्छी तरह से दस्तावेजों की जांच की जाती थी। उसके बाद मेरिट जारी की जाती थी। उसके बाद संबधित आवंटित महाविद्यालय भी दस्तावेजों की जांच करता था। खेलकूद अंकों में इस तरह से गड़बड़ी होना अपने आप में सवाल खड़े कर रहा है। इसकी उच्च स्तर पर जांच होनी चाहिए।

**बॉक्सर जुबेर खान, पूर्व सदस्य, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार।**

# उपमुख्यमंत्री ने सराहा 'सच बेधड़क' का बजट कवरेज



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी से शुक्रवार को 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने मुलाकात की। इस दौरान शर्मा ने राजस्थान के लिए शानदार बजट पेश करने के लिए दीया कुमारी को बधाई दी। साथ ही अंतरिम बजट के कवरेज की डेडिकेटिड कॉपी भी भेंट की। 'सच बेधड़क' अखबार के कवरेज की उपमुख्यमंत्री व वित्तमंत्री दीया कुमारी ने प्रशंसा की। इस दौरान दीया कुमारी और विनायक शर्मा के बीच आध्यात्मिक और सियासी मुद्दों पर भी चर्चा हुई।



## जरूरी खबर

### नशीली चाय पिलाकर पड़ोसी ने किया रेप



**जयपुर।** विधायकपुरी इलाके में पड़ोसी युवक द्वारा महिला को चाय में नशीली दवा मिलाकर पिलाकर उसके साथ रेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने देहशोषण के बाद पति को अश्लील फोटो-वीडियो भेजकर वायरल कर दिए। विधायकपुरी एसएचओ अमर सिंह ने बताया कि चांदपोल निवासी 27 साल की महिला का पड़ोस में रहने के कारण आरोपी के घर पर आना-जाना था। साल-2021 में मिलने आने पर बाहर से पीने के लिए चाय लेकर आया। चाय में नशीली दवा मिलाकर उसे पिला दी और दुष्कर्म किया। फोटो-वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर चुप करवा दिया। प्रेग्नेंट होने पर अबॉर्शन करवाने को कहा। मना करने पर फोटो-वीडियो को पति को भेजकर वायरल कर दी।

### ओवर स्पीड कार पलटने से कॉलेज स्टूडेंट की मौत

**जयपुर।** ओवर स्पीड कार के डिवाइडर से टकराकर पलट जाने से एक कॉलेज स्टूडेंट की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब वह दोस्तों के साथ होटल पर खाना खाकर हॉस्टल लौट रहा था। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। एसआई भोपाल सिंह ने बताया हादसे में कानपुर उत्तर प्रदेश निवासी मानव गुप्ता (24) की मौत हो गई। वह दहमी कला बगरू में हॉस्टल में रहकर बीबीए सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहा था। बुधवार रात को मानव अपने दो-तीन दोस्तों के साथ खाना खाने के लिए हॉस्टल से निकला था। कार में बैठकर सभी दोस्त बड़ के बालाजी एक होटल में खाना खाने गए थे। रात 1:30 बजे लौटते समय बड़ के बालाजी से थोड़ा आगे यह हादसा हो गया। मृतक के भाई करण गुप्ता ने ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

नारी शक्ति बंधन सम्मान समारोह में यूडीएच मंत्री खर्रा ने दी चेतावनी

# गलत नोटिस दे जनता को परेशान किया तो अफसरों की खैर नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा चेताया कि 'अगर किसी अधिकारी ने गलत नोटिस देकर आम जनता को परेशान किया है, तो ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। खर्रा शुक्रवार को मानसरोवर में आयोजित नारी शक्ति बंधन सम्मान समारोह में संबोधित कर रहे थे। यूडीएच मंत्री ने नगरीय निकायों में रिक्त चल रहे पदों की समस्या को नासूर बताते हुए कहा कि एक फुंसी शरीर पर होती है। उसका तत्काल इलाज हो जाता है। यदि वो नासूर बन जाती है तो उसके इलाज में काफी समय लगता है। इस नासूर का इलाज करके छोड़ेंगे।

मंत्री खर्रा ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को लेकर काफी शिकायतें मिली हैं। उन्हें तो रोक रखा है, जबकि कुछ योजनाएं कछुआ चाल से चल रही हैं। इस संबंध में सभी विभागों से जानकारी ली जा रही है। इसको लेकर अधिकारी मॉनिटरिंग में भी जुट गए हैं। विभागीय समीक्षा के बाद आने वाले समय में इसको लेकर सुखद परिणाम देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि जयपुर में द्रव्यवती नदी में भी सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है।



### आईटी सिटी की परिकल्पना करेंगे साकार

उन्होंने कहा कि जयपुर में मेट्रो विस्तार को लेकर भारत सरकार से भी चर्चा हुई है। प्रदेश में भी चर्चा हुई है। जल्द ही इस प्रोजेक्ट को फाइनल कर निर्माण कार्य शुरू करवाएंगे। इसके साथ ही जिस तरह बेंगलुरु ने आईटी सिटी को लेकर अपनी पहचान बनाई है। उसी तरह जयपुर में भी आईटी सिटी की परिकल्पना को साकार करेंगे। जयपुर में जब उसे जब मूर्त रूप देंगे, निश्चित रूप से निवेश होगा। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। राजस्थान को आर्थिक रूप से उसका फायदा भी मिलेगा।


### शिक्षा पद्धति पर उठाए सवाल

इससे पहले खर्रा ने मंच से शिक्षा पद्धति पर सवाल उठाते हुए कहा कि कहा कि एक समय था जब दो तरह के गुरुकुल हुआ करते थे। एक गुरुकुल प्रत्येक बस्ती में था, उसका एक शिक्षक होता था। उस शिक्षक के सभी आवश्यकताओं की पूर्ति पूरा समाज मिलकर करता था। कुछ गुरुकुल जंगल में स्थित होते थे, जिसमें बच्चों को एक आयु वर्ग का होने पर गुरुकुल में डाला जाता था। 25 साल तक गुरुकुल में रहकर पढ़ाई करके किसी न किसी क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करता था। आज जिस शिक्षा पद्धति के अनुसार पढ़ाई कर रहे हैं। इससे दो तरह के लोग बन रहे हैं, एक वाइट कॉलर और एक ब्लू कॉलर। ब्लू कॉलर के लोग मेहनत करके अपने आप को, अपने परिवार को और राष्ट्र को आगे बढ़ाने की सोचता है, जबकि व्हाइट कॉलर के बारे में ज्यादा टिप्पणी करने की जरूरत नहीं है।

कार्यक्रम की तैयारियां पूरी

## सालासर बालाजी मंदिर में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ आज

**बेधड़क** | जयपुर



सालासर बालाजी धाम चूरु में स्थित पंडित पार्किंग में शनिवार को श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होगा। प्रबंधन समिति के व्यवस्थापक कैलाश कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य और अध्यक्षता में श्री हनुमान चालीसा प्रबंधन समिति और सालासर बालाजी पुजारी परिवार की ओर से करवाया जा रहा है। समिति कोषाध्यक्ष डॉ. विष्णुदत्त पुजारी ने बताया कि सामूहिक पाठ सनातन धर्म के प्रचार के उद्देश्य से जगह-जगह करवाए जा रहे हैं। इस दौरान कमल पुजारी, कपिंद्र पुजारी, श्रीकृष्ण पुजारी, भागचंद कुमावत, सुरेश शर्मा, मांगीलाल शर्मा सहित अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

## उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का किया उपचार

**बेधड़क** | जयपुर



जिले में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत चिकित्सा संस्थानों पर उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका उपचार किया। साथ ही पोषण युक्त आहार की जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. बीएल मीणा ने बताया कि अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं को गर्भ में पल रहे शिशु और देखभाल के बारे में बताया गया। इस दौरान उनके हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, लंबाई, एचआईवी, सिफलिश आदि जांच की गई।

उन्होंने बताया कि अभियान में सभी आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जा रही हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

बोर्ड मुख्यालय के गेट पर किया प्रदर्शन

## हड़ताल में HB कर्मी भी होंगे शामिल

**बेधड़क** | जयपुर

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के आह्वान होने वाली इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हाउसिंग बोर्ड कर्मचारी भी शामिल होंगे। यह निर्णय हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय के गेट पर कर्मचारियों ने मीटिंग करके लिया।



मीटिंग के दौरान राजस्थान में पुरानी पेंशन योजना को फिर से शुरू करने, आठवां वेतन आयोग बनाने और संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया गया। राजस्थान आवासन मंडल कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष दशरथ कुमार और कार्यकारी अध्यक्ष भगवती प्रसाद और संघ के महामंत्री प्रदीप शर्मा और संयुक्त मंत्री रमेश शर्मा, गोविंद नाटाणी ने बताया कि सरकारों के पुरानी पेंशन योजना को बंद करने से कर्मचारियों के रिटायरमेंट के बाद आर्थिक संकट आ सकता है।

48 कॉलोनियों के भक्त उमड़े, साधु-संतों-सेवाभावियों का सम्मान

## 2304 दीपकों से भक्तामर महाअर्चना

**बेधड़क** | जयपुर

अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान प्रांत राजस्थान के तत्वावधान में संघीजी के मंदिर सांगानेर में अतिशयकारी भगवान आदिनाथ के दरबार में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर के निर्वाणोत्सव पर आचार्य वसुनंदी महाराज के आशीर्वाद से 2304 दीपकों से 48 मंडलीय श्री भक्तामर दीप महाअर्चना का आयोजन किया गया। संस्थान के पदाधिकारियों ने भगवान आदिनाथ के समक्ष श्रीफल भेंट किया। मुख्य मंडल पर प्रांतीय



अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने कपूर चंद कसेरा परिवार के साथ मंगल कलश स्थापित किया। धर्म जागृति संस्थान के कार्याध्यक्ष अनिल जैन व महामंत्री सुनील पहाड़िया ने बताया कि इस दीप अर्चना में 48 कॉलोनियों के परिवार आए।

संस्थान के राजीव लाखना, पंकज लुहाड़िया के अनुसार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शान्ति कुमार-ममता सोगानी, विशिष्ट अतिथि कांता-रश्मि कांत सोनी, दीप प्रज्वलन कर्ता कपूर चंद कसेरा परिवार का संस्थान के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

राष्ट्रीय महामंत्री भूपेन्द्र जैन दिल्ली तथा प्रचार मंत्री संजय बड़जात्या कामा द्वारा सहयोग कर्ताओं श्री क्षेत्र भंडाना के पुण्यार्जक परिवार तथा हीरा पथ मानसरोवर मन्दिर की समिति एवं चातुर्मास में सहयोगी राजीव गाजियाबाद व गजेंद्र बड़जात्या का सम्मान किया गया।

अनूठा अभियान

# गंदगी फैलाने वालों पर आजमा रहे 'मुन्नाभाई का फॉर्मूला'

**बेधड़क** | जयपुर

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जयपुर नगर निगम हेरिटेज संजय दत्त की फिल्म लगे रहो मुन्ना भाई का फॉर्मूला अपना रहा है। इस अनूठे अभियान के तहत निगम के कर्मचारी गंदगी फैलाने वाले व्यापारियों और आम जनता को गांधीवादी तरीके से समझा रहे हैं।

कर्मचारी गंदगी फैलाने वाले लोगों को गुलाब का फूल देकर गंदगी के दुष्परिणाम और स्वच्छता के फायदे गिना रहे हैं। नगर निगम हेरिटेज के सभी जोन और वार्ड में शुक्रवार से मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और स्वास्थ्य निरीक्षकों ने इस अभियान की शुरुआत की। इस दौरान लोगों ने भविष्य में गंदगी नहीं करने का प्रण भी लिया।



### जान रहे लोगों की समस्याएं

गुर्जर ने बताया कि इस अभियान के दौरान निगम के कर्मचारी जहां लोगों को सफाई का महत्व समझाने के साथ ही शहर को गंदा नहीं करने के लिए भी जागरूक कर रहे हैं, उसके साथ ही वे जनता से मिलकर उनको होने वाली समस्याओं की भी जानकारी ले रहे हैं। इसके पीछे मकसद है कि अभी जो समस्याओं की लिस्ट बनेगी उनको आने वाले समय में दूर करने के प्रयास किए जाएगे।

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की तैयारी शुरू

नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 को लेकर जयपुर नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी के तहत शुक्रवार से आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए गांधीवादी तरीके से गुलाब अभियान की शुरुआत की गई है। इसमें हम जनता को गंदगी के दुष्परिणाम बताकर उन्हें कचरा पात्र में कचरा डालने की जानकारी दे रहे हैं, ताकि जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

### तीन ट्रक सामान जब्त

इसके साथ ही नगर निगम द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को उपायुक्त सतर्कता एस के मेहरानियां के नेतृत्व में गुर्जर की थड़ी और न्यू सांगानेर रोड पर करवाई की गई। इस दौरान निगम के सतर्कता दस्ते ने न केवल अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया, बल्कि तीन ट्रक सामान भी जब्त किया गया।

ABVP का धरना पांचवें दिन भी जारी

## राजस्थान यूनिवर्सिटी कुलपति की सद्बुद्धि के लिए किया यज्ञ



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान यूनिवर्सिटी में सात सूत्री मांगों को लेकर 5 दिन से धरना दे रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कैंपस में सद्बुद्धि यज्ञ कर कुलपति से 7 सूत्री मांगों को पूरा करने की मांग की। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि जब तक यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा भ्रष्ट प्रोफेसर ओम महला को हटा हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है। तब तक हमारा विरोध और धरना जारी रहेगा।

परिषद राजस्थान यूनिवर्सिटी इकाई अध्यक्ष रोहित मीणा ने बताया कि प्रो. ओम महला द्वारा महिला प्रोफेसर्स को प्रताड़ित किया जाता रहा है। छात्रों की स्कॉलरशिप रोक ली गई। बावजूद इसके कार्रवाई नहीं की जा रही।

## जरूरी खबर

### समागम के मौके पर निकाला नगर कीर्तन



**श्रीगंगानगर।** गुरु महिमा का गान करते श्रद्धालु, वाहन पर सजी गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी, पालकी के आगे रास्ता धोकर साफ करते सिख समुदाय के लोग और फिजां में गूंजते बोले सो निहाल, सतश्री अकाल के जयघोष। शहर की अमृत विहार कॉलोनी से निकले नगर कीर्तन में शुक्रवार को कुछ ऐसा ही माहौल था। मौका था कॉलोनी के गुरुद्वारा धन-धन भाई मंझ जी, गुरु ग्रंथ साहिब जी भवन के सालाना समागम का। गुरुद्वारा परिसर से शुरू हुआ नगर कीर्तन आसपास के कई कॉलोनियों से होता हुआ वापस गुरुद्वारा परिसर में पहुंचा।

### कंटेनर के ब्रेक फेल, 10 लोगों को किया घायल

**उदयपुर।** उदयपुर में ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित ट्रेलर ने पांच वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में 10 लोग घायल हो गए। हादसा शुक्रवार दोपहर साढ़े बारह बजे नेशनल हाईवे -48 पर खेरवाड़ा कस्बे की है। सभी घायलों को खेरवाड़ा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। खेरवाड़ा थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला ने बताया कि ड्राइवर ईश्वर पुत्र गमीरलाल निवासी समदड़ी सलूंबर अहमदाबाद से कंटेनर लेकर आ रहा था। राणी रोड वाले कट पर टर्न करते समय एक के बाद एक पांच वाहनों को टक्कर मार दी। पुलिस पूछताछ में ड्राइवर ने बताया कि कंटेनर के ब्रेक फेल होने के कारण उसका ड्राइविंग पर कंट्रोल नहीं रहा। ब्रेक फेल होने के बाद वह चिल्लाते हुए वाहन चालकों को साइड देने की बात बोल रहा था।

### एक करोड़ 25 लाख की अवैध शराब जब्त



**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की डीएसटी और गुड़ामालानी क्षेत्र के आरजीटी थाना पुलिस की संयुक्त टीमों ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 1,045 कार्टून अवैध शराब से भरा एक कंटेनर ट्रक जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, जब्त शराब की बाजार में कीमत एक करोड़ 25 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने ट्रक चालक सुखदेव सिंह पुत्र सतनाम सिंह (32) जाति सिख निवासी लुधियाना और ट्रक खलासी केवल पुत्र मंगतराम (29) जाति सिख निवासी फिरोजपुर पंजाब को गिरफ्तार किया है।

**भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे जोधपुर दौरे पर, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात**

# मानवेंद्र सिंह के परिवार से मिली राजे, जीजी की पूछी कुशलक्षेम

**बेधड़क | जोधपुर**

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शुक्रवार को जोधपुर दौरे पर रही। इस दौरान उन्होंने सामाजिक सरोकार निभाया साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की।

राजे सुबह एयरपोर्ट से अजीत भवन पहुंची। वहां कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह के निवास पर पहुंची जहां उन्होंने दिवंगत चित्रा सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ परिवारजनों को सांत्वना दी और पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह जसोल की पत्नी कालू बाई सा से मिलकर शोक व्यक्त किया। वसुंधरा राजे,जोधपुर एम्स में भर्ती पूर्व विधायक सूर्यकांता व्यास की कुशल क्षेम पूछने पहुंची, जहां कुछ देर के लिए वसुंधरा राजे भावुक भी हो गई लेकिन बाद में देर तक वसुंधरा राजे ने सूर्यकांता व्यास का हाथ पकड़ कर पुराने लम्हों को याद किया और शीघ्र ही जीजी के स्वस्थ होने की कामना की। वसुंधरा राजे की माता विजया राजे सिंधिया के साथ पार्टी के लिए वर्षों तक काम कर चुकी सूर्यकांता व्यास खुद भी अपने बीच वसुंधरा राजे को पाकर काफी खुश नजर आई।



### कार्यकर्ताओं से लिया फीडबैक

राजे ने अपने जोधपुर प्रवास के दौरान सामाजिक सरोकार निभाने के साथ-साथ लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से न केवल आवश्यक फीडबैक लिया,बल्कि पार्टी को और अधिक मजबूत बनाकर अबकी बार 400 पार के संकल्प को साकार करने के लिए मूल मंत्र भी दिया।बड़ी संख्या के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अजीत भवन पैलेस में जाकर उनसे मुलाकात भी की।



### जोधपुर एयरपोर्ट पर राजे का स्वागत

राजे का जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर विधायक अतुल भंसाली, बिलाड़ा विधायक अर्जुनलाल गर्ग महापौर वनिता सेठ के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता मेघराज लोहिया,जसवंत सिंह बिश्नोई, भोपाल सिंह बडला और घनश्याम वैष्णव सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनकी अगवानी की और स्वागत किया। अजीत भवन में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से सूर्य वीर सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता मेघराज लोहिया,जसवंत सिंह बिश्नोई,अर्जुन गर्ग, भोपाल सिंह बडला, अनु श्री पूनिया और घनश्याम वैष्णव सहित कई नेताओं ने मुलाकात की।

**मूंगफली की बम्पर पैदावार को लेकर कृषक परेशान**

# किसानों की समर्थन मूल्य पर खरीद की मांग, लगाया जाम

- 29 जनवरी से मूंगफली लेकर मंडी में बैठे हैं सैकड़ों किसान
- समर्थन मूल्य पर एक दिन हुई खरीद

**बेधड़क | बीकानेर**

श्रीडूंगरगढ़ में मूंगफली की बम्पर फसल खुद किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। समर्थन मूल्य पर खरीदने में आनाकानी की जा रही है, ऐसे में हजारों क्विंटल मूंगफली मंडी में खराब हो रही है। इन किसानों को 29 जनवरी को समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए मूंगफली के साथ बुलाया गया था लेकिन अब तक खरीद शुरू नहीं हो सकी है। सैकड़ों किसान अब आंदोलन के रास्ते पर है।

शुक्रवार दोपहर मंडी के सामने रास्ता जाम कर दिया, जिसे काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने वापस खुलवाया। श्रीडूंगरगढ़ के किसानों को 29 जनवरी को बुलाने के बाद 1 फरवरी से खरीद शुरू की गई। एक दिन खरीद के बाद दो फरवरी से बंद हो गई।

कई तरह के बहानों के साथ मूंगफली खरीद नहीं हो रही। हर रोज नए किसान मूंगफली लेकर आ जाते हैं, लेकिन पहले आए किसानों की मूंगफली बिके तो नए किसानों का नंबर आए। हालात ये हे कि मंडी मूंगफली से लबालब हो चुकी है और किसान परेशान है। बुधवार को क्रय विक्रय सहकारी समिति एवं उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। इसके बाद भी खरीद शुरू नहीं हुई तो शुक्रवार को यहां मूंगफली से भरी गाड़ियों का जाम लगा दिया।



### खुले में खराब हो रही है मूंगफली

ऐसे में बारिश के मौसम में किसानों का माल खुले में खराब हो रहा है तो किसान अपने माल को गाडियों में ही डाल कर लाईनों में खड़ा रख रहे है। ऐसे में किसानों को प्रतिदिन गाड़ियों का भाड़ा भी अतिरिक्त देना पड़ रहा है।

### लंबा जाम, आम आदमी परेशान

मंडी क्षेत्र में जाम लगने से काफी दूर तक वाहनों की कतार लगी रही। इससे किसानों के अलावा आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसानों को मुख्य मार्ग से अलग किया।

## किसानों को नहीं मिली ऑफलाइन गिरदावरी

### रजिस्ट्रेशन की वेबसाइट भी ठप

**सूरतगढ़।** सरकार और विभाग ने पूरी खरीद प्रक्रिया के दौरान शुरू से लेकर अंत तक अनदेखी बरती। समर्थन मूल्य पर मूंग बेचने के लिए न तो ऑफलाइन गिरदावरी मिली और न ही रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए वेबसाइट चली। जिसका खामियाजा हम किसानों ने भुगता' यह बात शुक्रवार को सूरतगढ़ की नई अनाज मंडी में किसान दौलतराम, गिरधारी लाल, बजरंग लाल, सोहनलाल, सुरजाराम आदि ने कही। इन किसानों का कहना था कि इस बार मूंग और मूंगफली की समर्थन मूल्य पर खरीद सरकारी स्तर पर हो ही नहीं पाई। इस वजह से किसानों को दोनों जिंस बेचने में घाटा सहना पड़ा है। तो कहीं दूसरी मंडियों में फसल बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा है। दरअसल, इस बार सूरतगढ़ की नई अनाज मंडी के सरकारी खरीद केंद्रों पर न तो मूंग और न ही मूंगफली की समर्थन मूल्य पर खरीद हो पाई। ऐसे में किसानों को सरकारी खरीद न मिलने से मूंग और मूंगफली दोनों को दूसरी मंडियों में बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा। सरकार ने इस बार मूंग का समर्थन मूल्य 8558 रुपए और मूंगफली का 6377 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया था। इन सरकारी भावों के उलट मूंग के बाजार भाव 7300 से रुपए 7400 और मूंगफली के बाजार भाव रुपए 7500 से 8000 रुपए प्रति क्विंटल ही चल रहे हैं।

**खादी संवाद व लाभ वितरण समारोह**

# कामगार आत्मनिर्भर होंगे तो देश बनेगा सशक्त



**बेधड़क | उदयपुर**

खादी व ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि खादी ग्रामोद्योगों से जुड़े कामगारों के आत्मनिर्भर और सशक्त बनने पर ही सशक्त देश की परिकल्पना साकार हो सकती है। केंद्र की मोदी सरकार पिछले 10 सालों में इस दिशा में तेजी से काम कर रही है।

मोदी सरकार ने खादी उत्पादों की ग्लोबल ब्रांडिग की है। दरअसल, शुक्रवार को चित्रकूट नगर स्थित सामुदायिक भवन परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे "आत्मनिर्भर व विकसित भारत अभियान' के तहत खादी व ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में खादी संवाद व लाभ वितरण समारोह का आयोजन हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग दर्शन और प्रयासों से कारीगरों को आधुनिक ट्रेनिंग और टूलकिट प्रदान किए जा रहे हैं। साथ ही ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत केवीआईसी ने अभी तक 27 हजार से अधिक कुम्हार भाइयों और बहनों को विद्युत चालित चॉक का वितरण किया है। इससे एक लाख से अधिक कुम्हारों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। इसी योजना के तहत 6000 से अधिक टूलकिट और मशीनरी का वितरण किया गया है, जबकि हनी मिशन योजना के तहत अभी तक 20,000 लाभार्थियों को दो लाख से अधिक हनी बी-बॉक्स और बी कॉलोनी का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि यहां केवीआईसी के उत्तर और मध्य जोन के 1977 पीएमईजीपी लाभार्थियों के खाते में 100 करोड़ रुपए से अधिक की सब्सिडी ऑनलाइन हस्तानांतरित की गई है। इसके माध्यम से जहां उत्तर जोन में 559 नई यूनिट्स लगी हैं तो मध्य जोन में 1418 नई यूनिटों की स्थापना हुई है। मनोज कुमार ने बताया कि इन यूनिटों के माध्यम से इन दोनों जोन में 21747 नए रोजगार सृजित हुए हैं, जबकि राजस्थान के 2805 लोगों को नौकरी मिली है।

**जिला स्तरीय बालिका सम्मान समारोह आयोजित**

# विविध क्षेत्रों में अव्वल जिले की 100 बालिकाओं का किया सम्मान

**बेधड़क | दौसा**

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार जिला स्तरीय बालिका सम्मान समारोह शुक्रवार को यशोधारा लॉन में आयोजित किया गया। नगरपरिषद सभापति ममता चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर बीना महावर, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी रेला, रुक्मणी गुप्ता, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविंदनारायण माली, सहायक निदेशक अशोक गुप्ता, सहायक परियोजना समन्वयक रंगलाल मीणा, कपूरचंद कोली, कार्यक्रम अधिकारी गिर्राज गुप्ता ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम अधिकारी एवं बालिका शिक्षा प्रभारी गिर्राज गुप्ता ने बताया समारोह में दौसा जिले की 100 बालिकाओं का सम्मान किया गया। इनमें शैक्षिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, एवं विविध क्षेत्र में अव्वल रही बालिकाओं का चयन किया गया। इसके अतिरिक्त दौसा जिले की अध्यापिका मंच एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण दल की महिला शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया। सम्मानितों को प्रमाण पत्र एवं गिफ्ट प्रदान किए गए। इस अवसर पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रेलवे स्टेशन दौसा, दौसा खुर्द, आनंद शर्मा बालिका विद्यालय, गांधी चौक तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



**उदयपुर में 'पैडल टू जंगल' का आगाज**

# साइकिल से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बेधड़क | उदयपुर**

इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को झीलों की नगरी में पैडल टू जंगल का आगाज किया गया। पहले दिन शहर में साइकिल की सवारी कर पर्यावरण संरक्षण और इको टूरिज्म को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया।

वन विभाग, ग्रीन पीपल सोसायटी, विश्व प्रकृति निधि, पर्यटन विभाग तथा बेला बसेरा रिसोर्ट के तत्वावधान में साइकिल पर प्रकृति का त्रिदिवसीय रोमांच पेडल टू जंगल के साइकिल यात्रियों को सुबह फतहसागर झील के देवाली छोर से रवाना किया गया। आयोजक सेवानिवृत्त मुख्य वन संरक्षक व ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उदयपुर साइकलिंग क्लब के प्रतिभागी तथा जयपुर एवं गांधीनगर से आए हुए प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को फ्लैग ऑफ पुलिस महानिरीक्षक अजयपाल लांबा ने किया। इस अवसर पर गीतांजली मेडिकल इंस्टीट्यूट द्वारा प्रतिभागियों को अंगदान के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलाई गई। भटनागर ने बताया कि पैडल टू जंगल के सातवे संस्करण में यह यात्रा विशेष तरह की हाईटेक साइकिलों से तय होगी।

शनिवार सुबह 6 बजे उदयपुर शहर के शास्त्री सर्कल स्थित कजरी होटल से साइकिल पर सभी रवाना होंगे। ये ठोकर चौराहा, लकड़वास, बाघदड़ा, झामेश्वरजी, गींगला, ईडाणा माता, कूण, बांसी होते हुए प्रतापगढ़ जिले के सीतामाता अभयारण्य में अरामपुरा पहुंचेगी।



**बीकानेर में युद्धाभ्यास 'सदा तनसीक' का समापन**

# युद्ध के मैदान में भारत और सऊदी अरब की सेनाओं ने दिखाया कौशल

**बेधड़क | बीकानेर**

भारतीय सेना और रॉयल सऊदी लैंड फोर्स के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सदा तनसीक' बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

रॉयल सऊदी लैंड फोर्स और भारतीय सेना की संयुक्त टुकड़ियों के द्वारा प्रशिक्षण किया गया है। इसमें रणनीति, अभ्यास, दोनों सेनाओं की ओर से अपनाई जाने वाली अपनी सर्वोत्तम जानकारियों के आदान-प्रदान के अलावा हथियार और उपकरण संचालन, निशानेबाजी, टैक्स से दुश्मन को टारगेट करना, टीम एकीकरण, शारीरिक फिटनेस और संयुक्त राष्ट्र नियमों की बारीकियों को समझने पर केंद्रित प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान दोनों देशों के नब्बे जवानों ने एक दूसरे के साथ युद्धों के अनुभवों को साझा किया। सऊदी अरब के जवानों ने बताया कि किस तरह वे अपने देश में अत्याधुनिक हथियार से आतंकियों का मुकाबला करते हैं? इसी तरह भारतीय जवानों और अधिकारियों ने भी अपनी तकनीकी जानकारी सऊदी अरब के जवानों को दी।



### आतंकवाद विरोधी अभियानों को देंगे अंजाम

युद्धाभ्यास के दौरान रिफ्लेक्स शूटिंग और संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियानों की ट्रेनिंग की गई। इस अभ्यास से दोनों सेनाओं की टुकड़ियों को संयुक्त रूप से किए जाने वाले इस तरह के ऑपरेशन से आपसी तालमेल को मजबूत करने का अवसर मिला। जनसंपर्क अधिकारी (रक्षा) कर्नल अमिताभ शर्मा ने एक बयान में बताया कि संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच अंतरसंचालनीयता हासिल करना था। उन्होंने बताया कि इस संयुक्त अभ्यास में भारत की ब्रिगेड ऑफ गार्ड्स रेजिमेंट की 20वीं बटालियन के 45 सैनिक और सऊदी अरब की रॉयल सऊदी लैंड फोर्स के 45 सैनिकों का समूह शामिल हुआ।

### दो चरणों में हुआ अभ्यास

अमिताभ शर्मा ने बताया कि यह अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान उत्कृष्ट सैनिकों को सम्मानित करने और दोनों टुकड़ियों द्वारा सीखे गए अभ्यासों पर आदान प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा। युद्धाभ्यास के दौरान दोनों देशों के जवानों ने अपनी-अपनी टीम बनाकर क्रिकेट मैच भी खेला। महाजन फिल्ड फायरिंग रेंज के जिस मैदान पर दिन में तोप गरज रही थी, वहीं दोपहर के बाद "सिक्सर" और "आउट" जैसी आवाज नजर आई। जवान अपनी-अपनी टीम को जिताने के लिए हूटिंग भी करते रहे। मैत्रीपूर्ण मैच बॉस्केटवॉल, वॉलीबॉल और रस्साकशी के भी हुए।



### संयुक्त राष्ट्र का है आदेश

दरअसल, दो देशों को आपस में संयुक्त युद्धाभ्यास के संबंध में संयुक्त राष्ट्र संघ का आदेश है। इसी की पालना में भारत ने रूस, यूएसए, सऊदी अरब सहित कई देशों के साथ महाजन फिल्ड फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास किया है। दोनों देशों के जवान एक-दूसरे के यहां जाते हैं। इन दिनों सऊदी अरब के जवान भारत में हैं और अब भारत के जवान भी सऊदी अरब जाएंगे।

### आईआईएस यूनिवर्सिटी में एनुअल कल्चरल फेस्ट कॉस्मॉस-2024का दूसरा दिन

# पुराने बॉलीवुड सॉन्ग्स पर झूमे स्टूडेंट्स, दर्शकों ने भी मिलाई ताल

बेधड़क | जयपुर

आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के कैंपस ग्राउंड में चल रहे यूनिवर्सिटी के एनुअल कल्चरल फेस्ट कॉस्मॉस-2024 के दूसरे दिन शुक्रवार को भी उमंग, जोश, उल्लास का नजारा छाया रहा। फेस्ट का खास आकर्षण 90 की दशक की बॉलीवुड फिल्मों के हिट सॉन्ग्स की थीम पर स्टूडेंट्स की कलरफुल ड्रेसेज और डांस ने इस खुमारी के आलम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की



शुरुआत जुंबा कॉन्टेस्ट से हुई। कुकरी कॉन्टेस्ट में स्टूडेंट्स ने मास्टर शेफ की स्किल का प्रदर्शन किया। इसमें डेजर्ट और वैरायटी ऑफ सैलेड्स की रेंज पेश की गई। इस कांटेस्ट में फर्स्ट मिश्टी गोयल व इशिता भराना, सेकंड कृतिका मनोरिया, महक शर्मा व याशिका नारंग एवं थर्ड विधि ओस्टवाल, आयुषी सलेचा, चांदनी फोफलिया व अंजली गुप्ता रहीं। मुद्रा इंटर यूनिवर्सिटी, इंटर यूनिवर्सिटी डांस में भांगड़ा नृत्य यूनिवर्सिटी के समूचे परिसर को अपने ही रंग में रंग दिया।

इसमें फर्स्ट आईआईएसयू व महाराजा कॉलेज, सेकंड बियानी कॉलेज एवं थर्ड प्राइज आईआईएसयू को मिला। वोग वोल्ट एक्सेसरी डिजाइन में निशा खत्री फर्स्ट, रितु रावत सेकंड एवं रिधि मोदी तीसरे स्थान पर रहीं।



## Yuva स्टोरीज



### ब्लड डोनेशन कैंप में डेढ़ सौ यूनिट ब्लड एकत्रित

**जयपुर।** आर के फाउंडेशन की ओर से मालवीय नगर स्थित गैटोर में दिवंगत राकेश जांगिड़ की पूण्यतिथि के अवसर पर चौथा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिवर में 150 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ. अल्का सिंह ने आयोजन की सराहना की और रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया। शिविर संयोजक पवन जांगिड़ ने बताया कि इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। साथ ही निशक्तजनों को 500 पैकेट फूड भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में मॉडर्न प्लाइवुड हाउस का भी सहयोग रहा।



### नम आंखों से दी 12 वीं कक्षा को विदाई

**जयपुर।** राजधानी के एमजीपीएस में सत्र 2023-24 की कक्षा 12वीं की छात्राओं के लिए विदाई समारोह रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विनीता जाजू रही। विशिष्ट अतिथि सी.ए. उमा शंकर शारदा, ईसीएमएस चेयरमैन केदारमल भाला आदि रहे। कार्यक्रम में छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्राओं ने थिरकते पैरों और नम आंखों से अपने सीनियर्स को विदाई दी। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में छात्राओं को उपाधियाँ दी गईं और मिस एमजीपीएस का ताज दैदीप्या जैन को दिया गया। विद्यालय की पूर्व हेड गर्ल ने वर्तमान हेड गर्ल को जिम्मेदारी सौंपी। विद्यालय की पूर्व छात्राओं ने विद्यालय के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम में वाइस चेयरमैन बजरंग लाल बाहेती, विद्यालय मानद सचिव घनश्याम कचौलिया, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, समाज के गणमान्य बन्धु आदि मौजूद रहे। स्कूल प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता वशिष्ठ ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों से संस्कारों और सहयोग की जमीं से जुड़कर रहते हुए जड़ों की ओर लौटने का आह्वान किया। ईसीएमएस चेयरमैन केदारमल जी भाला ने विद्यार्थियों को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा प्रदान की | विद्यालय के मानद सचिव घनश्याम कचोलिया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।




### कपकजा क्रिकेट एंड बैडमिंटन लीग आज से

**जयपुर।** कपकजा (खेतान पॉलोटेक्निक कॉलेज एलुमिनी एसोसिएशन) की ओर से कपकजा क्रिकेट & बैडमिंटन लीग की शुरूआत शनिवार से होगी। पहले दिन बैडमिंटन प्रतियोगिता केप बैडमिंटन एकेडमी में आयोजित होगी। जबकि क्रिकेट लीग 2024 का दूसरा संस्करण जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी में रविवार को आयोजित होगा। जिसमें चार टीमें खेतान वॉरियर्स, फ्रंटियर्स, चैलेंजर्स एवं रॉयल्स हिस्सा लेगी। इनके बीच दो लीग मैच खेले जायेंगे और दोनों लीग मैचों की विजेता टीमें फाइनल में भिड़ेंगी। यह जानकारी राजधानी के होटल ग्रांड सफ़ारी में कपकजा की ओर से कपजा की ओर से प्रेस वार्ता में दी गई। एसोसिएशन अध्यक्ष जी. पी. शर्मा ने बताया कि एसोसिएशन की ओर से महासचिव दिनेश चंद सैनी ने बताया कि इस खेल प्रतियोगिता में एसोसिएशन के सभी सदस्य परिवार सहित हिस्सा लेंगें। स्पोर्ट्स कमिटी प्रमुख मयंक शर्मा ने बताया कि लीग में इस बार संगठन के सदस्य परिवार सहित हिस्सा लेंगे। इसमें कई कॉम्बिनेशन के मैच करवाएं जायेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, स्पॉन्सर्स और टीम कप्तान भी उपस्थित रहें | इस अवसर पर अध्यक्ष जी पी शर्मा और सभी सदस्यों ने ट्रॉफी का अनावरण भी किया गया तथा सभी टीमों की ड्रेस भी लॉन्च की गई | मीडिया प्रभारी अजय शर्मा ने सभी पत्रकारों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने कहा...

# जो ज्ञान किताबों से नहीं वह मिलता प्रदर्शनी से

■ राज्य स्तरीय स्किल एग्जीबिशन कम कॉम्पिटिशन

बेधड़क | जयपुर

जीवन में जो ज्ञान किताबों से नहीं सीखा जा सकता वह ज्ञान एग्जीबिशन जैसी गतिविधियों में मॉडल्स के जरिए आसानी से सीखा जा सकता है। छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा के अध्ययन से कॅरियर में बहुत फायदा मिलता है। इसलिए अधिकारियों, शिक्षकों और वोकेशनल एजुकेशन ट्रेनर्स को विद्यार्थियों में व्यावसायिक कौशल का विकास करने के लिए उन्हें फील्ड विजिट कराकर व्यवहारिक ज्ञान भी कराना चाहिए।

यह बात स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने कही। वे शुक्रवार को यहां जगतपुरा में सीपैट परिसर में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से समग्र शिक्षा में व्यावसायिक शिक्षा गतिविधियों के तहत आयोजित राज्य स्तरीय स्किल एग्जीबिशन कम कॉम्पिटिशन का अवलोकन पहुंचे थे। इस दौरान प्रदेशभर के स्कूलों से आए 205 छात्र-छात्राओं द्वारा बैंकिंग फाइनेंसियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस, ब्यूटी एंड वैलनेस, आईटी एंड आईटीईएस, कंस्ट्रक्शन, सिक्योरिटी, टेलीकॉम, हेल्थकेयर और फूड प्रोसेसिंग जैसे ट्रेड्स में बनाए गए मॉडल्स को देखा। जैन ने छात्र-छात्राओं से मॉडल बनाने के आईडिया, थीम और व्यवहारिक जीवन में उसके उपयोग से सम्बंधी सवाल पूछे और उनको अपनी ओर से उपयोगी टिप्स देते हुए उनकी हौंसला अफजाई की। इस मौके पर सीपैट के निदेशक संजय चौधरी, स्कूल शिक्षा परिषद की उपायुक्त मिथिलेश, उप निदेशक डीसी गुप्ता एवं सहायक निदेशक आरसी डूडी सहित जयपुर जिले में समग्र शिक्षा अभियान से जुड़े अधिकारी और प्रदेश के जिलों से आए विद्यार्थी, शिक्षक और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### एंटी आर्मी टैंक मॉडल की सराहना

शासन सचिव जैन ने नागौर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मिठड़ी की 12वीं कक्षा के छात्र महेश कुमावत द्वारा तैयार किए गए 'एंटी आर्मी टैंक' के मॉडल की विशेष तौर पर सराहना करते हुए उसकी पीठथपथपाई। महेश ने अपने मॉडल में हाइड्रॉलिक प्रेशर, सेंसर, कैमरा और इलैक्ट्रॉनिक सर्किट और डिवाइस आदि तकनीक के संयोजन से सजीव मॉडल तैयार किया है। महेश ने मौके पर अपने मॉडल का प्रदर्शन करते हुए इलैक्ट्रॉनिक डिवाइस से उसका बाकायदा संचालन करके भी दिखाया। महेश द्वारा यह मॉडल पहले अपने विद्यालय और फिर जिला स्तर पर प्रदर्शित किया गया, बाद में इसका राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयन किया गया। जैन ने हनुमानगढ़ जिले में संगरिया क्षेत्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खाराखेड़ा की 10वीं कक्षा की छात्रा रंजना की ओर से बनाए गए पिज्जा हट के मॉडल में कंसेप्ट और डिस्प्ले की भी सराहना करते हुए उसे प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी जिलों से आए प्रतिभागियों के बीच पहुंचकर उनके मॉडल्स को देखा और उनके प्रयासों की तारीफ करते हुए अपनी ओर से भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए सुझाव भी दिए।

### ऐसी प्रदर्शनी साल में दो बार आयोजित हो

बता दें कि वोकेशनल एजुकेशन के तहत इस बार पहली बार छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार मॉडल्स का राज्य स्तर पर प्रदर्शन किया जा रहा है। शासन सचिव ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आगामी वर्ष से ऐसी प्रदर्शनी को स्टेट लेवल पर दो बार आयोजित करने के निर्देश दिए।

## सतत प्रयासों से बच्चों की जिंदगी में बदलाव लाए

**जयपुर।** प्रदेश के स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों बच्चों की जिंदगी में बदलाव शिक्षकों के सतत और ईमानदार प्रयासों से ही साकार किया जा सकता है। ऐसे में शिक्षक अपने पवित्र पेशे के प्रति पूरी तरह समर्पित होकर शाला समय और कक्षा कालांश का बेहतरीन उपयोग करें। यह बात स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव ने शुक्रवार को सरकारी विद्यालयों में नवनियुक्त करीब 40 हजार लेवल-1 और लेवल-2 के शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए तैयार किए जा रहे 'मास्टर ट्रेनर्स'की इंडक्शन ट्रेनिंग के तीसरे बैच के उद्घाटन में कही। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से आने वाले समय में 2016 से 2018 के दौरान चयनित शिक्षकों के लिए रिफ्रेशर ट्रेनिंग प्रोग्राम भी तैयार किए जाएंगे। इस दौरान राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की उपायुक्त ज्योति और उप निदेशक उर्मिला चौधरी सहित अन्य अधिकारी और प्रतिभागी मौजूद रहे।



### वंश मिस्टर रावत तो नेहा मिस रावत

## रावत स्कूल में खट्टी यादों का " मैश अप"

बेधड़क | जयपुर

रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर के निर्मला ऑडिटोरियम में कक्षा बारह के विद्यार्थियो के लिए विशाल रंगारंग कार्यक्रम "मैश अप" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्यारहवीं और बारहवीं क्लास के विद्यार्थियों ने टीचर्स को डेडिकेट करते हुए अपनी प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम का आरंभ रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में मिस्टर रावत मिस रावत प्रतियोगिता में वंश भटनागर मिस्टर रावत और मिस रावत नेहा मीना चुनी गई। प्रतियोगिता में कई चरणों को क्लियर करने के बाद ये टेग दिए गए। इसके अलावा विद्यार्थियों को मिस्टर& मिस चार्मिंग, फोटोजेनिक,स्टाइलिश,मिस्टर फेयरवेल मिस फेयरवेल अवार्ड भी दिए गए। स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड चंद्र प्रकाश वर्मा को दिया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को गीता,बेस्ट विशेस कार्ड और ग्रुप फोटो दिए गए।

विद्यार्थियो द्वारा शिक्षकों को गिफ्ट भी दिए गए। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक एवम अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सचिव नरेंद्र सिंह रावत ने विद्यार्थियो को मोटिवेट करते हुए समय के महत्व के बारे में बताया और उन्हें परीक्षा के लिए आशीर्वचन दिया। रावत ने बच्चों को स्कूल जीवन एवं मैश अप में बिताए हुए पलों को जीवन की एक सुनहरी याद के रूप में संजोए रखने के लिए कहा। विद्यालय की प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ला ने विद्यार्थियो को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## कथक और लोकनृत्य का छलका सौन्दर्य



**जयपुर।** शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान में नृत्य संध्या में शुक्रवार को दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत सभा की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में बाल व युवा नृत्य कलाकारों ने कथक व लोकनृत्य की नयनाभिराम प्रस्तुति दी। कथक गुरु संजीव कुमावत के निर्देशन में कलाकार हिनाइश, मनस्वी, वाणी, एकांशी और दजशी ने आकर्षक फुटवर्क और बेहतरीन आंगिक भाव-भंगिमाओं से जयपुर घराने के पारंपरिक कथक का लालित्य दर्शाया। मुरली की धुनसुन...रचना पर भावपक्ष नृत्य की सलोनी प्रस्तुति दी। कलाकार वृषाली गुरव ने तीन ताल में ठाठ, उठान, परण की पेशकारी में कथक का सौन्दर्य छलकाया। संस्था सचिव अमित अनुपम ने बताया कि शनिवार को शाम 4.30 बजे संस्था के स्टूडेंट्स राग-रागनियों के सुर साधेंगे।

### पूर्णिमा यूनिवर्सिटी | इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में 40 से अधिक रिसर्च पेपर हुए प्रस्तुत

# दैनिक जीवन में एआई आधारित समाधान हो लागू

■ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लेटेस्ट ट्रेंड्स पर चर्चा

बेधड़क | जयपुर

राजधानी की पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन मशीन लर्निंग एप्लीकेशंस फॉर सोसायटी की ओर से इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

'रीसेंट एडवांसमेंट्स इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय पर इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस की शुक्रवार को शुरुआत हुई। इसमें देश-विदेश के प्रतिभागियों की ओर से 40 से अधिक रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इन टाइम टेक विजन सॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड के को-फाउंडर व एमडी संदीप जैन इसके उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि संदीप जैन ने कहा कि दैनिक जीवन में एआई-आधारित समाधानों को लागू करने के बारे में बताया। उन्होंने स्टूडेंट्स को पांच ए (असप्टेबिलिटी, एडेप्टेबिलिटी, असेसेबिलिटी, एक्सीलरेटिंग व एक्शन) के फ्रेमवर्क पर फोकस करने पर जोर दिया। गेस्ट ऑफ ऑनर अंकित रावत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ह्यूमन इंटेलिजेंस को प्राथमिकता देने की अपील की। साथ ही उन्होंने एआई क्षेत्र में मौजूद अवसरों व इसकी चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला।

प्रोग्राम में ग्रोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर व सीईओ अंकित रावत गेस्ट ऑफ ऑनर रहे। कॉन्फ्रेंस के दौरान विशेषज्ञों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र के नवीनतम विकास और इनोवेशंस पर चर्चा की गई।



### इंजीनियरिंग की अहम भूमिका: गुप्ता

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के प्रो-प्रेसिडेंट डॉ. मनोज गुप्ता ने इंजीनियरिंग शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अहम भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने प्रतिभागियों से एआई के मूलभूत सिद्धांतों को गंभीरता से समझने की अपील की। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ. चांदनी कृपलानी भी उपस्थित थीं।संयोजक डॉ. अजय खूंटेटा ने इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के दौरान कवर किए जाने वाले विषयों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके सभी पेपर स्कोपस जर्नल में प्रकाशित किए जाएंगे। अंत में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट की एचओडी शिखा शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# हिंदू-मुस्लिम संबंधों पर प्रमाणिक लेखनी का कथाकार



जाहिद खान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

छठे-सातवें दशक के प्रमुख कथाकार गुलशेर अहमद ख़ां, हिंदी कथा साहित्य में अपने उपनाम शानी के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। अपने बेश्तर लेखन में मध्यम, निम्न मध्यमवर्गीय मुस्लिम समाज का यथार्थपरक चित्रण करने वाले शानी पर ये इल्ज़ाम आम था कि उनका कथा संसार हिंदुस्तानी मुसलमानों की ज़िंदगी और उनके सुख-दुख तक ही सीमित है। और हां, शानी को भी इस बात का अच्छी तरह से एहसास था। अपने आत्मकथ्य में शानी इसके मुताल्लिक़ लिखते हैं, 'मैं बहुत गहरे में मुतमईन हूं कि ईमानदार सृजन के लिए एक लेखक को अपने कथानक अपने आस-पास से और ख़ुद अपने वर्ग से उठाना चाहिए।' ज़ाहिर है कि शानी के कथा संसार में किरदारों की जो प्रमाणिकता हमें दिखाई देती है, वह उनके सामाजिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की वजह से ही है। शानी के कालजयी उपन्यास 'काला जल' की 'सल्लो आपा', संस्मरण 'शाल वनों का द्वीप' की 'रेको', हो या फिर 'जनाज़ा', 'युद्ध' कहानी का 'वसीम रिज़वी' ये किरदार पाठकों की याद में गर आज भी बसे हुए हैं, तो अपनी विश्वसनीयता की वजह से। शानी ने इन किरदारों को सिर्फ गढ़ा नहीं है, बल्कि किरदारों में जो तपिश दिखाई देती है, वह उनके तजुर्बे से मुमकिन हुई है।

'काला जल' की 'सल्लो आपा' को तो कथाकार राजेन्द्र यादव ने हिंदी उपन्यासों के अविस्मरणीय चरित्रों में से एक माना है। हिंदी में मुस्लिम बैकग्राउंड पर जो सर्वश्रेष्ठ कहानियां लिखी गई हैं, उनमें ज्यादातर शानी की हैं। 'युद्ध', 'जनाज़ा', 'आईना', 'जली हुई रस्सी', 'नंगे', 'एक कमरे का घर', 'बीच के लोग', 'सीढ़ियां', 'चेहलुम', 'छल', 'रहमत के फ़रिश्ते आएंगे', 'शर्त का क्या हुआ', 'एक ठहरा हुआ दिन', 'एक काली लड़की', 'एक हमाम में सब नंगे' वग़ैरा कहानियों में शानी ने बंटवारे के बाद के भारतीय मुस्लिम समाज के दुख-तकलीफ़ों, डर, भीतरी अंतर्विरोधों, यंत्रणाओं और विसंगतियों को बड़ी ही ख़ूबसूरती से दर्शाया है। शानी की कहानियों में प्रमाणिकता और पर्यवेक्षित जीवन की अक्कासी है। लिहाज़ा ये कहानियां हिंदी साहित्य में अलग ही मुक़ाम रखती हैं। उन्होंने वही लिखा,जो देखा और भोगा।



**कथाकार शानी का स्मृति दिवस**

*संस्मरण 'शाल वनों के द्वीप' शानी की बेमिसाल कृति है। हिंदी में यह अपने ढंग की बिल्कुल अलहदा और अकेली रचना है। इस रचना को पढ़ने में उपन्यास और रिपोर्ताज दोनों का मजा आता है।*

पूरी साफ़गोई, ईमानदारी और सच्चाई के साथ वह सब लिखा जो, अमूमन लोग कहना नहीं चाहते। भाषा इतनी सरल और सीधी कि लगता है, मानो लेखक ख़ुद पाठकों से सीधा रू-ब-रू हो। कोई भी विषय हो, वे उसमें गहराई तक जाते थे और इस तरह विश्लेषित करते थे, जैसे कोई मनोवैज्ञानिक मन की गुत्थियों को परत-दर-परत उघाड़ रहा हो। बस्तर जैसे धुर आदिवासी अंचल के जगदलपुर में जन्मे शानी को बचपन से ही पढ़ने का बेहद शौक था। पाठ्यपुस्तकों की बजाय उनका मन साहित्य में ज्यादा रमता था। बहरहाल, बचपन का यह जुनून शानी की ज़िंदगी की किस्मत बन गया। जवान होते ही शानी का साबिक़ा ज़िंदगी की कठोर सच्चाइयों से हुआ। निम्न मध्यमवर्गीय परिवार में जन्म और पढ़ाई पूरी नहीं करने के चलते, उनकी शुरुआती ज़िंदगी बेहद संघर्षमय गुजरी। जीवन के अस्तित्व के लिए उन्होंने कई नौकरियां बदलीं। मगर ज़िंदगी की कश्मकश के इस दौर में भी अदब से उनका नाता बरकरार रहा। शानी की अच्छी कहानियां और उपन्यास का जन्म प्रतिकूल हालात में हुआ। शानी का पहला कहानी संग्रह 'बबूल की छांव' साल 1956 में आया और महज साल साल के छोटे से अंतराल में उनकी सभी खास कृतियां साहित्यिक पटल पर आ चुकी थीं। कहानी संग्रह 'डाली नहीं फूलती'-1959, 'छोटे घेरे का विद्रोह'-1964, और उपन्यास 'कस्तूरी'-1960, 'पत्थरों में बंद आवाज'-1964, 'काला जल'-1965 में आ कर धूम मचा चुके थे। ज़िंदगी के जानिब शानी का नज़रिया किताबी नहीं, बल्कि अनुभवसिद्ध था। यही वजह है कि वे 'युद्ध', 'जनाज़ा', 'बिरादरी', 'जगह दो रहमत के फ़रिश्ते आएंगे', 'हमाम में सब नंगे', 'जली हुई रस्सी' जैसी दिलो-दिमाग़ को झिंझोड़ देने वाली कहानियां और 'काला जल' जैसा कालजयी उपन्यास हिंदी साहित्य को दे सके। शानी के कथा संसार में मुस्लिम समाज का प्रमाणिक चित्रण तो मिलता ही है, बल्कि हिंदु-मुस्लिम संबंधों पर भी कई मर्मस्पर्शी कहानियां हैं, जो कि भुलाए नहीं भूलतीं। उनकी कहानी 'युद्ध' को तो हिंदी आलोचकों ने हिंदू-मुस्लिम संबंधों के सर्वाधिक प्रमाणित और मार्मिक साहित्यिक दस्तावेज़ों में से एक माना है। शानी की संपूर्ण कहानियां 'सब एक जगह' संग्रह में दो खंडों में संकलित हैं। 'एक शहर में सपने बिकते हैं' उनका निबंध संग्रह है। इस बात का बहुत कम लोगों को इल्म होगा कि सदाबहार फिल्म 'शौक़ीन' के संवाद भी शानी के लिखे हुए हैं। शानी ने कथा साहित्य के अलावा साहित्यिक पत्रकारिता की और यहां भी वे कामयाब रहे। 'साक्षात्कर', 'समकालीन भारतीय साहित्य' पत्रिकाओं के वे संस्थापक संपादक थे। अपने समय की महत्वपूर्ण पत्रिका 'कहानी' का भी उन्होंने संपादन किया। मध्यप्रदेश सरकार ने शानी के साहित्यिक अवदान का मूल्यांकन करते हुए, अपने सर्वोच्च सम्मान 'शिखर सम्मान' से नवाज़ा। दिल्ली दूरदर्शन ने उन पर पैंतालीस मिनिट का एक वृत्तचित्र बनाया। शानी की कई कहानियां विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में शामिल हैं। 10 फरवरी, 1995 को शानी इस जहान से रुख़सत हुए। शानी के मानी भले ही दुश्मन हो, लेकिन वे सही मायने में इंसान-दोस्त लेखक थे। उनके संपूर्ण कथा साहित्य का पैग़ाम इंसानियत और मुहब्बत है। हिंदी कथा साहित्य में इंसानी जज्बात को पूरी संवेदनशीलता और ईमानदारी से पेश करने के लिए शानी हमेशा याद किए जाएंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## समानता का कानून लागू करने में...

# उत्तराखंड ने रचा इतिहास



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

*"पति-पत्नी के संबंध विच्छेद या घरेलू झगड़े के समय पांच वर्ष तक का बच्चा माता के पास रहेगा। सभी धर्मों के पति और पत्नी को तालाक लेने का अब समान अधिकार प्राप्त हो गया है। तीन तलाक को केंद्र सरकार पहले ही समाप्त कर चुकी है। मुस्लिम समुदायों में प्रचलित हलाला और इद्दत पर रोक लगा दी गई है।"*

उत्तराखंड राज्य सरकार ने समान नागरिक संहिता विधेयक राज्य विधानसभा में पारित करके देश में समानता का कानून बनाने के संदर्भ में इतिहास रचने का काम किया है। ध्वनिमत से अस्तित्व में आए इस कानून के साथ स्वतंत्र भारत में उत्तराखंड ऐसा पहला राज्य बन गया है, जिसने संविधान निर्माताओं द्वारा समान नागरिक संहिता के देखे गए स्वप्न को साकार करने का काम किया है। इस दिशा में गुजरात और असम में भी इसी प्रकार का कानून लाने की तैयारी हालांकि गोवा राज्य में समान नागरिक संहिता पुर्तगाली शासन के समय से ही लागू है। विधेयक पर बहस के समय सत्ता पक्ष भाजपा ने प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस पर खूब तल्ख कटाक्ष किए, लेकिन कांग्रेस पलटवार में आक्रामक होने की बजाय मौन साधे रही। अतएव लगता है कांग्रेस अब धर्मनिरपेक्षता के बहाने मुस्लिम परस्ती से छुटकारा पाने के रास्ते तलाश रही है। यह विधेयक राज्यपाल से अनुमोदन के बाद राष्ट्रपति के अनुमोदन के साथ ही कानून का रूप ले लेगा।

उच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई की समीति ने इस विधेयक का का प्रारूप आठ सौ पृष्ठों में तैयार किया है। चूंकि देसाई न्यायालयीन प्रक्रिया से लंबे समय तक प्रत्यक्ष अवगत रही हैं, इसलिए उन्हें ज्ञात रहा है कि कानून में असमानताओं के चलते लोगों को किस तरह से परेशान होना पड़ता है। अतएव अब उत्तराखंड में उन कानूनों को समाप्त कर दिया है, जो स्त्री-पुरुष में भेद के साथ संतान और संपत्ति में भी भेद के पर्याय रहे है। साफ है, व्यक्तिगत नागरिक अधिकार संबंधी मामलों से जुड़े ज्यादातर कानूनों में एकरूपता लाने का स्वागत योग्य प्रयास किए गए हैं। अब प्रत्येक धर्म के दंपत्ति को विवाह का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण नहीं होने पर सरकारी सुविधाओं के लाभ से वंचित होना पड़ेगा। कोई भी पति, पत्नी के जीवित रहते हुए दूसरा विवाह नहीं कर सकता है। सभी धर्मों में विवाह की न्यूनतम उम्र लड़कों के लिए 21 वर्ष और लड़कियों के लिए 18 वर्ष निर्धारित है।



वैवाहिक दंपत्ति में यदि कोई एक व्यक्ति बिना किसी दूसरे पक्ष की सहमति के मत परिवर्तन करता है तो दूसरे पक्ष को उससे तालाक लेने व गुजारा भत्ता लेने का पूरा अधिकार रहेगा। पति-पत्नी के संबंध विच्छेद या घरेलू झगड़े के समय पांच वर्ष तक का बच्चा माता के पास रहेगा। सभी धर्मों के पति और पत्नी को तालाक लेने का अब समान अधिकार प्राप्त हो गया है। तीन तलाक को केंद्र सरकार पहले ही समाप्त कर चुकी है। मुस्लिम समुदायों में प्रचलित हलाला और इद्दत पर रोक लगा दी गई है। मुस्लिम पर्सनल लॉ के चलते ये कानून अस्तित्व में थे, जिन्हें अब खत्म तो कर ही दिया गया है, कानून का उल्लंघन करने पर सजा का भी प्रावधान किया गया है। सभी धर्म समुदायों में सभी वर्गों के लिए बेटे-बेटी को संपत्ति में समान अधिकार होगा।

बावजूद इस अच्छे कानून में एक कानून आंखों में खटकने वाला है। इस विधेयक की धारा सात अध्याय दो और धारा-381 में सह-जीवन (लीव-इन) के रिश्तों में रहने वाले युगलों को पंजीकरण कराना अनिवार्य कर दिया है। ऐसे में गैर-पंजीकृत युगलों पर सोशल पुलिसिंग का खतरा बढ़ सकता है? वर्तमान समय आर्थिक युग का है। ऐसे में आजीविका के लिए युवक एवं युवतियों को अकेले रहना पड़ रहा है, जो जीवन में कठिनाई बढ़ाता है। नतीजतन संपर्क में आने के बाद कई जोड़े साथ रहने को मजबूर हो जाते हैं। यह एक व्यावहारिक मानसिकता है। हालांकि यह ठोस सच्चाई है कि लिन-इन रिश्तों के प्रचलन से महिलाओं पर अत्याचार और आक्रामण के मामले बढ़े हैं। साथ ही विवाह संस्था की सात जन्मों वाले गठबंधन और पवित्रता के मूल्य एक हद तक घटे भी है। ऐसे में पंजीकरण की बाध्यता करने से ऐसे युगल राहत में रहेंगे, जिन्हें परिजनों की साथ रहने की स्वीकृति नहीं मिलती है। लिहाजा पंजीकरण के चलते युगल को संतान होती है तो उसे लालन-पालन के साथ विरासत संबंधी कानूनी अधिकार भी मिल जाएंगे। अतएव अविवाहित मातृत्व से पैदा होने वाली संतान का भविष्य माता-पिता का नाम मिल जाने के कारण संरक्षित होगा।

संविधान राज्य को स्वतंत्र रूप से समान नागरिक कानून बनाने का अधिकार देता है। अतएव संविधान में दर्ज नीति-निर्देशक सिद्धांत यही अपेक्षा रखता है कि समान नागरिकता समूचे देश में लागू हों। जिससे देश में रहने वाले हर व्यक्ति के लिए एक ही तरह का कानून वजूद में आ जाए, जो सभी धर्मों, संप्रदायों और जातियों पर लागू हो। आदिवासी और घूमंतू जातियां भी इसके दायरे में आएंगी। केंद्र में सत्तारूढ़ राजग सरकार से यह उम्मीद ज्यादा इसलिए है, क्योंकि यह मुद्दा भाजपा के बुनियादी मुद्दों में शामिल है। इसमें सबसे बड़ी चुनौतियां बहुधर्मों के व्यक्तिगत कानून और वे जातीय मान्यताएं हैं,जो विवाह, परिवार, उत्तराधिकार और गोद जैसे अधिकारों को दीर्घकाल से चली आ रही क्षेत्रीय, सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को कानूनी स्वरूप देती हैं। इनमें सबसे ज्यादा भेद महिलाओं से बरता जाता है।

एक तरह से ये लोक प्रचलित मान्यताएं महिला को समान हक देने से खिलवाड़ करती हैं। लैंगिक भेद भी इनमें स्पष्ट परिलक्षित हैं। मुस्लिमों के विवाह व तलाक कानून महिलाओं की अनदेखी करते हुए पूरी तरह पुरुषों के पक्ष में हैं। ऐसे में इन विरोधाभासी कानूनों के तहत न्यायपालिका को सबसे ज्यादा चुनौती का सामना करना पड़ता है। अदालत में जब पारिवारिक विवाद आते हैं तो अदालत को देखना पड़ता है कि पक्षकारों का धर्म कौन सा है? और फिर उनके धार्मिक कानून के आधार पर विवाद का निराकरण करती है। इससे व्यक्ति का मानवीय पहलू तो प्रभावित होता ही है, अनुच्छेद 44 की भावना का भी अनादर होता है। दरअसल ब्रिटिशकालीन भारत-1772 में सभी धार्मिक समुदायों के लिए विवाह, तलाक और संपत्ति के उत्तराधिकार से जुड़े अलग-अलग कानून बने थे, जो आजादी के बाद भी अस्तित्व में बने हैं। हालांकि नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा तीन तलाक के खात्मे के बाद अब उत्तराखंड राज्य सरकार ने समान नागरिक कानून बनाकर अन्य राज्यों को यह संदेश दे दिया है कि वे भी अपने राज्य में समान नागरिक कानून बनाकर समानता के भेद को खत्म कर सकते हैं?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# लोग क्या सोचते हैं मेरे बारे में!



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

साहित्य के रंगों में रंगे एक स्कूल के प्रिंसिपल मुंशीराम की कई बार यह जानने की इच्छा बनी रहती थी कि लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं। वह कई बार इसी पर चिंतन करते रहते। एक बार वह स्कूल समय से पहले स्कूल जाकर प्रिंसिपल रूम के पास वाले ऐसे कमरे में बैठ गए जहां से लोगों की प्रतिक्रिया सुन सकें। कुछ समय बाद जब स्टाफ के लोग प्रिंसिपल रूम में साइन करने आए, तो लोग प्रिंसिपल की खाली कुर्सी को देख छोटे बच्चों की तरह चहक ने लगे। मिस्टर एक्स बोला 'भगवान जाने यह गंजा प्रिंसिपल क्या खाकर गर्म बना रहता है। हमेशा गुस्से में भरा रहता है।'

वाई बोला 'परिवार में सुख शांति नहीं मिलती होगी तो बेचारा जैसे-जैसे टाइम पास करता है।' जेड बोला 'स्कूल विकास की बातें तो बहुत कर रहा है पर साल भर से कुछ करा नहीं। मिस्टर के ने कहा 'हमारा प्रिंसिपल साहित्य प्रेमी है, उन्होंने अपने लेखन से प्रदेश में अपनी पहिचान बनाई है। जितने मुंह उतनी बातें। मुंशीराम अपने बारे में स्टाफ के लोगों की प्रतिकिया सुन मन ही मन प्रसन्न हुए। अच्छी बुरी ही सही लेकिन मैं लोगों की जुबान पर चर्चा में बने रहने की क्षमता तो रखता हूं। मालती ने लोगों में अपनी कार्य कुशलता की प्रतिक्रिया जानने के लिए अपने जीवन समाप्ति का समाचार एक निकट के परिचित के माध्यम से सोशल मीडिया व टीवी पर आने लगे। समाचार सुनकर प्रशंसकों को बहुत दुख हुआ। उन्होंने दुखी मन से अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की। कई लोगों ने कहा 'वह तो एकदम जवान थी, कोई मरने की उम्र तो थी नहीं। भगवान ने अपने चरणों में स्थान दें।' किसी ने कहा 'ऐसी प्रतिभा हजारों हजारों में एक होती है। कई प्रशंसक मन ही मन दुखी हो गए। कई लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रिया देख वह प्रसन्न हो खुद ही पीठ थपथपाने लगी और मन ही मन बुदबुदाने लगी वाह! क्या नाटक किया है। झूठा समाचार फैलाकर लोगों की प्रतिक्रिया जानने को मिली। मजा आ गया।

भला ऐसे भी कोई अपनी लोकप्रियता के बारे में जानना चाहेगा? उनसे एक परिचित ने पूछा। 'अरे भैया ,जमाना बदल रहा है यह अपने बारे में जानने का एक नवाचार है मुझे प्रसन्नता हुई कि लोग मेरे इतने फेम हैं। अब मुझे उनके सहानुभूति भरा प्रेम पाकार और अच्छा काम करने की प्रेरणा मिली है। सभी प्रशंसकों का आभार।

## नॉलेज कॉर्नर: स्पेस में सबसे ज्यादा दिन बिताने वाले रूसी एस्ट्रोनॉट

# ओलेग कोनोनेंको ने अंतरिक्ष में रचा इतिहास

रूसी अंतरिक्ष यात्री ओलेग कोनोनेंको ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। ओलेग अंतरिक्ष में सबसे ज्यादा दिन बिताने वाले अंतरिक्ष यात्री बन गए हैं। ऐसा करके उन्होंने अपने ही देश के अंतरिक्ष यात्री गेन्नेडी पडल्का का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसकी पुष्टि रूसी स्पेस एजेंसी रॉसकॉस्मॉस ने की है। बताया जा रहा है कि 59 वर्षीय ओलेग 5 जून तक अंतरिक्ष में बने रह सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो स्पेस में रहते हुए उनके 1 हजार दिन पूरे हो जाएंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिए इंटरव्यू में ओलेग ने रूसी समाचार एजेंसी TASS को बताया, मुझे अपनी उपलब्धियों पर गर्व है, लेकिन मैं अपना पसंदीदा काम करने के लिए अंतरिक्ष में उड़ान भरता हूं, रिकॉर्ड बनाने के लिए नहीं। आज के नॉलेज कॉर्नर में इस बारे में जानते हैं विस्तार से...

### इस तरह बने थे अंतरिक्ष यात्री

ग्रेजुएशन के बाद उन्होंने रूसी स्पेस एजेंसी के डिजाइन ब्यूरो के साथ मिलकर काम करना शुरू किया। बतौर डिजाइन इंजीनियर उनके पास कई अहम जिम्मेदारियां रहीं। 29 मार्च, 1996 को उनका सेलेक्शन अंतरिक्ष यात्री के तौर पर हुआ और ट्रेनिंग की शुरुआत हुई। स्पेस के प्रति उनके लगाव का नतीजा रहा कि इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन प्रोग्राम का हिस्सा बनने के बाद अक्टूबर 1998 में उनकी इस प्रोग्राम के लिए ट्रेनिंग शुरू हुई। उन्होंने पहली उड़ान अप्रैल 2008 में भरी और अंतरिक्ष में 200 दिन बिताए। इंटरनेशन स्पेस स्टेशन के लिए वर्तमान यात्रा की शुरुआत पिछले साल 15 सितंबर को हुई थी, जब उन्हें नासा के अंतरिक्ष यात्री और रूसी स्पेस एजेंसी रॉसकॉस्मॉस के अंतरिक्षयात्री के साथ लॉन्च किया गया था।




### एडमिशन पाने के लिए दुकान पर काम किया

स्कूली पढ़ाई के बाद अपने सपने को साकार करने के लिए खारकोव एविएशन इंस्टीट्यूट में एडमिशन पाने की कोशिश की, लेकिन दाखिला नहीं मिल सका। वो घर वापस आ गए और तुर्कमेनाबात एयरपोर्ट एविएशन की टूल शॉप पर काम करने लगे। तैयारी के बाद उन्होंने वापस उसी संस्थान में टेस्ट दिया और सफल रहे। इस तरह ग्रेजुएट हुए और मैकेनिकल इंजीनियर बने। गेन्नेडी ने अंतरिक्ष में 878 दिन बिताए थे। वहीं, ओलेग अभी भी स्पेस में बने हुए हैं। ओलेग धरती से करीब 427 किलोमीटर की ऊंचाई पर परिक्रमा कर रहे हैं।

### अंतरिक्ष को समझने में दिलचस्पी

*21 जून, 1964 को तुर्कमेनिस्तान में जन्मे ओलेग को बचपन से अंतरिक्ष को समझने में दिलचस्पी थी। उनके पिता दिमित्री इवानोविच एक कंपनी में बतौर ड्राइवर काम करते थे और मां ताइसिया तुर्कमेनाबात एयरपोर्ट पर कम्युनिकेशन ऑपरेटर थीं। ओलेग ने इसी देश से हाईस्कूल किया।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

**X**



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
फर्क साफ है...
अब गरीब का चूल्हा नहीं बुझता,
मोदी सरकार में कोई भूखा नहीं सोता।



**गोविंदसिंह डोटासरा**, कांग्रेस अध्यक्ष, राज.
@GovindDotasra
किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह जी, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री पी.वी. नरसिम्हा राव जी एवं हरित क्रांति के जनक कृषि वैज्ञानिक स्व. श्री एम.एस. स्वामीनाथन जी को मरणोपरांत सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार #भारत_रत्न से अलंकृत करने का निर्णय स्वागत योग्य है। केंद्र सरकार को अब चौधरी चरण सिंह जी के आदर्शों का अनुसरण करते हुए किसानों के लिए फसल का MSP एवं स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को अविलंब लागू करने की घोषणा भी करनी चाहिए।



**जगदीश वासुदेव**, योग गुरु
@SadhguruJV
आपके जीवन में क्या होता है, यह 100% आपके नियंत्रण में नहीं है, लेकिन आप इससे क्या बनाते हैं, यह 100% आप पर निर्भर है।

**बिहार विधानसभा का सत्र 12 से:** स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव से उलझ सकते हैं समीकरण

# इस्तीफा नहीं देने पर अड़े विधानसभा अध्यक्ष, सियासी हलचल तेज

## दोनों पक्ष अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुटे

एजेंसी | पटना

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नई सरकार के 12 फरवरी को बहुमत साबित करने की तैयारियों के बीच राज्य में सियासी हलचल तेज हो गई है। प्रतिद्वंद्वी खेमे अपनी अपनी व्यूह रचना में जुटे हैं।

इस बीच, एक बड़ा सवाल सियासी गलियारों में तैर रहा है कि फ्लोर टेस्ट के दौरान विधानसभा में आसन पर कौन बैठेगा? विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने अपने पद से हटने से इनकार कर दिया है। इधर, विधानसभा के उपाध्यक्ष ने कहा है कि अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दिया गया है। ऐसे में इस पर होने वाली चर्चा और मतदान के समय वह आसन पर बैठेंगे। ज्ञात रहे कि सोमवार से बिहार विधानसभा में बजट सत्र शुरू होना है। सत्र शुरू होने पर सबसे पहले विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। लेकिन कार्यवाही के संचालन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष अलग अलग दावे कर रहे हैं।

विधानसभा उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने कहा है कि 12 फरवरी को सदन उनकी अध्यक्षता में संचालित होगा, क्योंकि अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव दिया गया है।





### भाजपा विधायकों की बोध गया में कार्यशाला

वहीं, भाजपा पार्टी विधायकों के लिए 10 व 11 फरवरी को बोधगया में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर रही है। सूत्रों के अनुसार यह प्रशिक्षण एक तरह से विधायाकों को एकजुट रखने को लेकर जारी कवायद का ही हिस्सा है। यह कार्यशाला बहुप्रतीक्षित बजट सत्र शुरू होने से एक दिन पहले 11 फरवरी को समाप्त होगी।अगले दिन सदन में बहुमत का परीक्षण होना है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने विधायकों और विधान पार्षदों के बोधगया में दो दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने की पुष्टि की। सूत्रों के अनुसार कार्यशाला के दौरान अलग-अलग सत्र होंगे। आगामी विधानसभा सत्र को ध्यान में रखते हुए हमारे केंद्रीय नेता पार्टी के सभी 78 विधायकों को राजनीतिक सुझाव देंगे। वहीं, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता असितनाथ तिवारी ने कहा कि भाजपा की यह कवायद विश्वास मत से पहले अपने विधायकों को एकजुट कर बिहार में नवगठित राजग सरकार को बचाने के लिए उठाया गया एक कदम है। यह मूल रूप से 'कमल बचाओ अभियान' है। तिवारी ने कहा कि चूंकि भाजपा विधायकों का एक गुट इस बार नीतीश कुमार की जदयू के साथ हाथ मिलाने को लेकर नाखुश है, इसलिए शीर्ष नेतृत्व विश्वास मत से पहले उन विधायकों को मनाना चाहता है।

### मांझी बोले- मैं राजग के साथ

राजद के 'खेला होने' के दावे के बीच करीब सभी दल सतर्क हैं और अपने विधायकों को सहेजने में जुटे हैं। सरकार में शामिल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने शुक्रवार को साफ कर दिया है कि वे एनडीए के साथ बने हुए हैं। वहीं,महागठबंधन में शामिल कांग्रेस ने अपने 19 विधायकों में से 16 विधायकों को पहले ही हैदराबाद में शिफ्ट कर दिया है। सत्ताधारी जदयू भी अपने विधायकों पर नज़र बनाए हुए है। जदयू ने तो साफ कर दिया है कि उनके विधायकों को प्रलोभन दिया जा रहा है। ऐसे में जदयू सशंकित है। डर है कि प्रलोभन के चक्कर में कहीं विधायक इधर से उधर न हो जाएं।।

## मडिगा व अन्य अजा समूहों से संवाद समस्याएं सुनी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर मडिगा व अन्य अनुसूचित जातियों के लिए कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति ने तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के मडिगा समुदाय के प्रतिनिधिमंडल के संवाद कर उनका पक्ष सुना है। यह समिति इन समुदायों के हितों की रक्षा के लिए उठाए जा सकने वाले प्रशासनिक कदमों की जांच करेगी। मडिगा व अन्य अनुसूचित जाति समूहों का दावा है कि उन्हें सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ का उचित हिस्सा नहीं मिल रहा है। सूत्रों के मुताबिक समिति की दूसरी बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने समिति को मडिगा समुदाय की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों और उनके सामने आने वाली कठिनाइयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समिति गठित करने पर प्रधानमंत्री का आभार भी व्यक्त किया।

## राबड़ी देवी, मीसा व हेमा को राहत... मिली जमानत



**नई दिल्ली।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से फौरी राहत मिल गई है। कोर्ट ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले के मामले में तीनों को 28 फरवरी तक अंतरिम जमानत दे दी है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के उस दावे के बाद तीनों आरोपियों को जमानत दे दी कि उसे उनकी नियमित जमानत याचिका पर दलीलें दाखिल करने के लिए समय चाहिए। विशेष कोर्ट (धन शोधन निवारण अधिनियम) ने मामले में प्रवर्तन निदेशालय की शिकायत के बालालू परिवार के कई सदस्यों को समन किया था। इसमें लालू यादव की पत्नी राबड़ी, उनकी बेटियां मीशा और हेमा शामिल थीं।

**लोकसभा में श्वेत पत्र पर चर्चा,** तत्कालीन यूपीए सरकार पर प्रहार

# UPA सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा से किया समझौता: सीतारमण

■ वित्त मंत्री ने किया दावा-राजग सरकार में मजबूत हुई अर्थव्यवस्था

एजेंसी | नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि तत्कालीन यूपीए सरकार के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता किया गया। केंद्र सरकार द्वारा भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रस्तुत श्वेत पत्र पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यूपीए सरकार रक्षा क्षेत्र के कुप्रबंधन में शामिल थी, जिसका सबूत 3600 करोड़ रुपउका अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला था। उन्होंने कहा कि हमारे लिए देश सबसे पहले आता है। यही वजह है कि बीते दस साल में देश की अर्थव्यवस्था इतनी मजबूत हुई कि आज ये विश्व की पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था है। ज्ञात रहे कि श्वेत पत्र में 2014 से पहले और 2014 के बाद की भारतीय अर्थव्यवस्था की जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि किस तरह यूपीए सरकार के दस सालों में देश को आर्थिक कुप्रंबधन का नुकसान झेलना पड़ा।

सीतारमण ने कहा कि 2014 में गोला बारूद और रक्षा उपकरणों की कमी थी। हमारे सैनिकों के पास बुलेट प्रूफ जैकेट तक नहीं थे। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यूपीए के कार्यकाल के दौरान जयंती टैक्स ने परियोजनाओं के लिए पर्यावरण मंजूरी में एक साल तक की देरी की। वित्त मंत्री ने कहा कि 2011 और 2014 के बीच परियोजनाओं को निपटाने का औसत समय 86 दिनों से बढ़कर 316 दिन हो गया था। लेकिन मोदी सरकार के 10 साल के समर्पित कार्यकाल ने अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर ला दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे सत्ता में आते ही हमें विरासत में कई बोझ मिले।



### कोयला घोटाले के कारण हुआ भारी नुकसान, हमने हीरा बना दिया

सीतारमण ने कहा, यूपीए सरकार के हाथों कोयला घोटाले के कारण भारत को भारी नुकसान हुआ। कोयला घोटाले पर कैग की रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे भारत को 1.86 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने तत्कालीन यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, वैश्विक वित्तीय संकट को संभाल नहीं सके और आज इसे कैसे संभालें इस पर भाषण दे रहे हैं। देश के हितों की रक्षा के लिए कुछ नहीं किया गया, लेकिन घोटालों पर घोटाले जारी रहे। ऐसे में उन्होंने देश छोड़ दिया। वित्त मंत्री ने कहा, आपने (यूपीए सरकार) कोयले को राख में बदल दिया, लेकिन हमने अपनी नीतियों के जरिए कोयले को हीरे में बदल दिया।

### अर्थव्यवस्था को नाजुक स्थिति से निकाला

सीतारमण ने कहा, इस 'श्वेत पत्र' में दिखाई गई तुलना स्पष्ट रूप से बताती है कि अगर सरकार सच्ची ईमानदारी, पारदर्शिता और राष्ट्र को पहले रखकर काम करती है, तो उसका परिणाम क्या होता है। 2008 के बाद क्या हुआ जब वैश्विक वित्तीय संकट था और काविड के बाद क्या हुआ, यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि अगर सरकार का इरादा ईमानदार है तो परिणाम अच्छे होंगे। उन्होंने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था को 10 साल की नाजुक स्थिति से बाहर निकालकर टॉप पांच में पहुंचाने के लिए सरकार ने 'श्वेत पत्र' मेज पर रख दिया है। यह जिम्मेदारी के साथ रखा गया एक बयान है।

### हास्यास्पद है यह श्वेत पत्र: शुक्ला

कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा,मुझे ये श्वेत पत्र हास्यास्पद लगता है। मनमोहन सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाकर मौजूदा भाजपा सरकार सारा श्रेय ले रही है। मनमोहन सिंह की कौन सी योजना इन्होंने खत्म की जो आलोचना करते हैं? चंद्रयान तक को मनमोहन सरकार ने मंजूरी दी थी। खाद्य सुरक्षा बिल मनमोहन सिंह ने पास किया था।

**बढ़ रही है आय, कम हो रही है गरीबी**

# भारत हर मोर्चे पर बढ़ रहा आगे: PM मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि लगातार वृद्धि दर बढ़ने के साथ अब भारत का वक्त आ गया है और हमारे आलोचक सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। भारत पर पूरी दुनिया का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह वह समय है, जब अवसर और आय दोनों बढ़ रहे हैं और गरीबी कम हो रही है।

प्रधानमंत्री ने एक समाचार पत्र समूह के ग्लोबल बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए कहा कि कारोबारियों के लिए कुंभ मेले की तरह मानी जाने वाली दावोस बैठक में भी भारत को लेकर बहुत उत्साह था। वहां किसी ने कहा कि भारत एक अभूतपूर्व सफलता की कहानी है, किसी ने कहा कि भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा नई ऊंचाइयां छू रहा है जबकि किसी ने कहा कि ऐसी कोई जगह नहीं है जहां भारत का प्रभाव न हो।

उन्होंने कहा कि आज विकास से जुड़े हर एक विशेषज्ञ समूह में इस बात पर चर्चा है कि भारत पिछले 10 वर्षों में बदल गया है। उन्होंने कहा, ये चीजें दिखाती हैं कि दुनिया को भारत पर कितना भरोसा है। भारत की क्षमताओं के लिए ऐसी सकारात्मक धारणा पहले कभी नहीं थी।



### कम हो रहा है राजकोषीय घाटा

पीएम मोदी ने कहा, यह वह समय है जब हमारी वृद्धि दर लगातार बढ़ रही है और राजकोषीय घाटा कम हो रहा है। निर्यात बढ़ रहा है और चालू खाते का घाटा कम हो रहा है। यह वह समय है जब उत्पादक निवेश रिकॉर्ड ऊंचाई पर है और मुद्रास्फीति नियंत्रण में है। यह वह समय है जब खपत और कंपनियों की लाभप्रदता दोनों बढ़ रही हैं और बैंकों की गैर-निष्पादित संपत्ति में रिकॉर्ड गिरावट हुई है। यह वह समय है जब उत्पादन और उत्पादकता बढ़ रही है और यह वह समय है जब हमारे आलोचक अब तक के सबसे निचले स्तर पर हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की नीतियों में स्थिरता और निरंतरता है। उन्होंने कहा, हमने संसद भवन जैसी बड़ी परियोजनाओं को रिकॉर्ड समय में पूरा करके करदाताओं के पैसे को मान दिया।

**बजट सत्र: आज आखिरी दिन,** भाजपा ने जारी किया व्हिप

# राम मंदिर पर चर्चा कराए जाने के लिए धन्यवाद प्रस्ताव संभव

एजेंसी | नई दिल्ली

भाजपा ने शुक्रवार को व्हिप जारी कर पार्टी के सभी सांसदों को बजट सत्र के आखिरी दिन शनिवार को दोनों सदनों में मौजूद रहने को कहा है। पहले सत्र 9 फरवरी तक ही चलने वाला था, लेकिन सत्र को एक दिन बढ़ा दिया गया था। ऐसे में अब कयास लगाए जा रहे हैं कि संसद में बजट सत्र के आखिरी दिन कुछ बड़ा हो सकता है। ऐसी अटकलें तेज हैं कि केंद्र सरकार शनिवार को दोनों सदनों में राम मंदिर पर चर्चा कराएगी। दरअसल संसद में सीधे राम मंदिर पर चर्चा नहीं हो सकती है। ऐसे में संसद के दोनों सदनों यानी लोकसभा और राज्यसभा में राम मंदिर पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश होगा।



भाजपा ने लोकसभा और राज्यसभा के अपने सभी सदस्यों को तीन लाइन का व्हिप जारी कर 10 फरवरी को सदन में उपस्थित रहने को कहा है, क्योंकि दोनों सदनों में कुछ अहम विधायी कार्यों पर चर्चा हो सकती है।

राज्यसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने राज्यसभा सांसदों के लिए जारी किए गए व्हिप में कहा है कि अति महत्वपूर्ण विधायी कार्य पर चर्चा और पारित करने के लिए शनिवार को सदन में लाए जाएंगे। इसलिए पार्टी के सभी राज्यसभा सदस्य सारे दिन पूरे समय सदन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर सरकार के पक्ष का समर्थन करें।

## कांशीराम को भी भारत रत्न से सम्मानित करें

**लखनऊ।** बसपा की अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जिन भी हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है, उनका स्वागत है। लेकिन इस मामले में खासकर दलित हस्तियों की उपेक्षा करना उचित नहीं है। सरकार को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने शुक्रवार को एक्स पर जारी बयान में कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को लंबे इंतजार के बाद वीपी सिंह की सरकार में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। उसके बाद दलित व उपेक्षितों के मसीहा कांशीराम का इनके हितों में किया गया संघर्ष कोई कम नहीं है। उन्हें भी भारत रत्न से सम्मानित किया जाए।

## दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति




*दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के 62वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। उन्होंने समारोह को संबोधित किया और छात्र-छात्रों को डिग्री व मेडल प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।*

**भारत रत्न से बदलेंगे सियासी समीकरण**

# जयंत के राजग में आने का रास्ता खुला, बढ़ेगा भाजपा के दोस्तों का दायरा

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव, चौधरी चरण सिंह और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा के साथ कई राज्यों में सियासी समीकरण बदलने की अटकलें तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा से न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि राजस्थान व हरियाणा जैसे राज्यों में भी भाजपा को सियासी लाभ मिल सकता है। भारत रत्न देने की घोषणा के बाद चरण सिंह के पोते और रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी की प्रतिक्रिया से उनके राजग के साथ जाने को लेकर सियासी अटकलें और तेज हो गई हैं।

जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों की भावनाओं को समझते हैं। इसके बाद यह पूछे जाने पर कि क्या वे भाजपा के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में गठबंधन करेंगे। इस पर उन्होंने भाजपा के साथ गठबंधन से इनकार नहीं किया। जयंत ने कहा कि मैं किस मुह से इंकार करूंगा। अब कोई कसर बची रह गई है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरे पिता अजित सिंह का सपना साकार किया है। मेरे लिए यह यादगार और भावुक करने वाला पल है।

सूत्रों के अनुसार रालोद व भाजपा में गठबंधन लगभग तय है। अब इसकी घोषणा पर शेष है। सूत्रों के अनुसार गठबंधन होने पर लोकसभा चुनाव के बाद राजग के सत्ता में आने पर जयंत चौधरी को केंद्र में मंत्री बनाया जा सकता है। वहीं रालोद के एक विधायक को योगी सरकार में भी मंत्री बनाया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार लोकसभा चुनाव में मुजफ्फरनगर, बागपत और बिजनौर में से कोई दो सीटें रालोद को मिल सकती है। वहीं आगामी राज्यसभा चुनाव में भी रालोद को एक सीट मिल सकती है।

### बिहार में अति पिछड़े मतों पर नजर

इससे पहले जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा को बिहार के सियासी समीकरण बदलने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। कर्पूरी ठाकुर अति पिछड़े वर्गों के नेता थे और उन्होंने उनके उत्थान के लिए अहम प्रयास किए। माना जा रहा है कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा से भाजपा को विपक्षी गठबंधन इंडिया की जातीय जनगणना कराने की मांग की धार को कुंद करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही भाजपा अित पिछड़ा वर्ग को पार्टी के साथ जोड़कर रख सकेगी।

### टीडीपी के भाजपा के करीब आने की बढ़ी उम्मीद, नायडू से दोस्ती का राग

भाजपा दक्षिण भारत में अपनी स्थिति मजबूत करने में जुटी है। पार्टी आधं प्रदेश में भी सियासी समीकरण साधने में लगी है। गत दिनों टीडीपी नेता एन चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय गृह मंत्री अिमत शाह से मुलाकात की थी। अब राज्य के मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। सूत्रों के मुताबिक भाजपा अगले सप्ताह तक आंध्रप्रदेश की तेलुगु देशम पार्टी से समझौता कर सकती है। इस संबंध में चंद्रबाबू नायडू की भाजपा के बड़े नेताओं से मुलाकात भी हो चुकी है। दरअसल 2014 में भाजपा और टीडीपी ने मिलकर चुनाव लड़ा था। केंद्र सरकार ने पूर्व पीएम नरसिंह राव को भारत रत्न देने की घोषणा की है। राव को भारत रत्न देने का सियासी असर आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों में हो सकता है। भाजपा तेलंगाना व आंध्र प्रदेश में उन सभी पुराने दोस्तों के साथ गठबंधन के सूत्र तलाश रही है। ऐसे में अगर टीडीपी और भाजपा मिलकर एकबार फिर चुनाव लड़ते हैं, तो दक्षिण के इन दो राज्यों में भाजपा के लिए सियासत और आसान हो सकती है। सिरोही के मुताबिक भाजपा अपने पुराने दोस्तों को जोड़ने की पूरी तैयारी कर चुकी है।

### लोस चुनाव: इस साल 97 करोड़ वोटर करेंगे मतदान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बताया कि इस साल लोकसभा चुनाव में 97 करोड़ भारतीय मतदान करने के पात्र हैं। 18 से 29 साल की उम्र वाले दो करोड़ से ज्यादा युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया गया है। 2019 से पंजीकृत मतदाताओं में छह फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पुणे में राजनीतिक दलों की भागीदारी के साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए कामों के बारे में जानकारी दी थी।

## जरूरी खबर

### अभिषेक बनर्जी को झटका, जज पर कार्रवाई नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी की उस याचिका पर विचार नहीं कर सकता जिसमें उन्होंने कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय के लगातार राजनीति से प्रेरित साक्षात्कार के लिए उनके खिलाफ उचित कार्रवाई के लिए निर्देश जारी करने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बनर्जी की याचिका को अन्य याचिकाओं के साथ लंबित स्वतः संज्ञान मामले के साथ जोड़ा जाएगा। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने 29 जनवरी को कलकत्ता हाई कोर्ट की दो पीठों के बाद पश्चिम बंगाल में आरक्षित श्रेणी की एमबीबीएस सीटों के इच्छुक उम्मीदवारों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने में कथित घोटाले से संबंधित सभी याचिकाएं अपने पास स्थानांतरित कर ली थीं।

### जम्मू-कश्मीर से जुड़े तीन विधेयक राज्यसभा में पारित



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर से जुड़े तीन विधेयकों को पारित किया गया है। इनमें स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने और केंद्र में अनुसूचित जाति और जनजाति की सूची को संशोधित करने का प्रावधान है। जम्मू और कश्मीर स्थानीय निकाय कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 और संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश (संशोधन) विधेयक, 2024 और संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) विधेयक, 2024 इस सप्ताह की शुरुआत में लोकसभा द्वारा पारित किया गया था।

### बांग्लादेश के विदेश मंत्री की राष्ट्रपति से भेंट

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। महमूद 7 फरवरी से भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। पिछले महीने पदभार संभालने के बाद से यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। इससे पहले उन्होंने अपने समकक्ष विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की थी। इस दौरान महमूद के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों मंत्रियों ने बैठक के दौरान कई मुद्दों पर चर्चाएं की।

## विविधता का अमृत महोत्सव... रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा






*नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का ऐतिहासिक उत्सव विविधता का अमृत महोत्सव के दौरान शुक्रवार को पूर्वोत्तर राज्यों के कलाकारों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान पूर्वोत्तर की सांस्कृतिक परंपराएं सजीव होती नजर आई। चार दिवसीय यह उत्सव गुरुवार को शुरू हुआ था।*

### चर्चा के दौरान किसी संस्थान का नाम न लें



**नई दिल्ली।** लोकसभा में कार्यवाही के दौरान अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन के सदस्यों को किसी भी मुद्दे को उठाते समय किसी विशेष संस्था या संगठन का नाम न लेने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि सभी सांसदों को केवल नीतिगत मामलों पर चर्चा करनी चाहिए। उनका यह बयान उस वक्त आया जब सदन की कार्यवाही के दौरान उत्तर प्रदेश बसपा सांसद रितेश पांडे ने एक मेडिकल कॉलेज और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए मान्यता के लिए इसके आवेदन का मुद्दा उठाया था। बिरला ने कहा कि मैं आप सभी से अपील करता हूं कि किसी भी मुद्दे को उठाते समय किसी भी संस्थान का नाम ना लें। अगर आप लागातार ऐसा करेंगे तो इसका संसदीय प्रक्रियाओं पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा।

## UP के बरेली में बवाल, उत्तराखंड के हल्द्वानी में अर्द्ध सैन्य बल बुलाए

# बरेली में उपद्रवियों ने युवकों से की मारपीट, दो लोग घायल

■ हल्द्वानी: पांच लोगों के मारे जाने की खबर... धरपकड़, CM ने किया दौरा

एजेंसी | बरेली

बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद शाम करीब चार बजे श्यामगंज में उस वक्त तनाव की स्थिति बन गई, जबकि अराजकतत्वों की भीड़ ने दुकानों पर पथराव कर दिया। इससे बाजार में दहशत फैल गई। भीड़ ने वहां से गुजर रहे एक बाइक सवार को रोककर उसकी पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स ने लाठी फटकारते हुए भीड़ को खदेड़ा। फिलहाल तनाव की स्थिति बनी हुई है।

दूसरी ओर उत्तराखंड के हल्द्वानी के वनभूलपुरा में गुरुवार को अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के दौरान हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी है। हिंसा में मृतकों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है। पुलिस ने सैकड़ों उपद्रवियों को चिह्नित कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। शहर में पुलिस के करीब 1 हजार जवान तैनात है। इसके साथ ही अर्द्ध सैन्य बलों को भी बुलाया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वारी पहुंचकर अस्पताल में भर्ती घायलों के हालचाल पूछे।

बरेली में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल, बरेली शरीफ के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने 'जेल भरो' का आह्वान किया था। इसके बाद इस्लामिया ग्राउंड में पहुंची भीड़ ने लौटते समय अचानक से हंगामा शुरू कर दिया। नारेबाजी के बाद भीड़ ने जमकर बवाल किया। शहर के श्यामगंज बाजार में भीड़ ने पथराव कर दिया। इस दौरान उपद्रवियों ने दो युवकों को पकड़कर बुरी तरह से पीट दिया। इसके बाद एक बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला और बेकाबू भीड़ को किसी तरह से काबू में किया। हालांकि, स्थिति अब नियंत्रण में बताई जा रही है।









### मौलाना तौकीर को गिरफ्तारी के बाद किया गया रिहा

ज्ञानवापी प्रकरण को लेकर विरोध कर रहे आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बिहारीपुर पुलिस के चौकी के पास गिरफ्तारी दी। इसके बाद पुलिस ने उन्हें तत्काल रिहा कर दिया। रिहा होने के बाद मौलाना अपने आवास की ओर चले गए। वहीं समर्थकों की भीड़ को पुलिस घर भेजने में जुटी रही। बता दें कि ज्ञानवापी प्रकरण को लेकर नाराज मौलाना ने जेल भरो आंदोलन शुरू किया था। मौलाना शुक्रवार दोपहर जीआईसी ऑडिटोरियम के सामने मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद गिरफ्तारी देने निकले। उन्हें इस्लामिया मैदान जाने से रोका गया। इसपर मौलाना के साथ चल रही भारी भीड़ ने नारेबाजी शुरू कर दी। बिहारीपुर पुलिस चौकी के पास उन्होंने गिरफ्तारी दी। इस दौरान पुलिस के साथ मौलाना और समर्थकों की तीखी झड़प भी हुई। उन्होंने पुलिस पर कार्यकर्ताओं के साथ धक्का मुक्की करने का आरोप भी लगाया।

### हल्द्वानी: पांच हजार अज्ञात लोगों पर FIR

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि हल्द्वानी हिंसा के मामले में तीनों मामलों में 19 लोगों को नामजद किया गया है। वहीं करीब 5000 अज्ञात लोगों को भी शामिल किया गया है।

मामले की गंभीरता से जांच के साथ साथ उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। हालात नियंत्रण में हैं। पूरे शहर में फोर्स को अलर्ट कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों पर

दंगा, तोड़फोड़, हत्या का प्रयास, सरकारी व सार्वजनिक संपत्ति को क्षतिग्रस्त करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित कई अन्य धाराएं लगाई गई हैं। इसके साथ ही चार लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ भी शुरू कर दी है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और पथराव के दौरान हुई तमाम वीडियो रिकॉर्डिंग को खंगालना शुरू कर दिया है। इसके आधार पर अभी तक करीब 100 से ज्यादा उपद्रवी चिह्नित कर लिए गए हैं।

## मुजफ्फरनगर स्कूल थप्पड़ मामला

# SC की UP सरकार को फटकार, हलफनामा दाखिल करने का निर्देश

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम लड़के को थप्पड़ मारने के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार को एक बार फिर फटकार लगाई। पिछली सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने उन छात्रों की काउंसलिंग करने का आदेश दिया था, जिन्हें एक शिक्षिका ने मुस्लिम छात्र को कथित रूप से होमवर्क नहीं करने पर थप्पड़ मारने का निर्देश दिया गया था।

न्यायाधीश अभय एस ओका और न्यायाधीश उज्जल भुइयां की पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह घटना के गवाह बच्चों की काउंसलिंग कराए और दो सप्ताह के भीतर अनुपालन हलफनामा दाखिल करें। पीठ ने कहा, हमने टीआईएसएस की हालिया रिपोर्ट देखी है, जिसमें घटना के दौरान मौजूद सभी छात्रों की काउंसिलिंग की मांग की गई है। इस मामले में राज्य द्वारा कुछ भी नहीं किया गया है। दिन ब दिन मामला टलता जा रहा है। इसलिए अब हम राज्य को सीधे तौर पर निर्देश दे रहे हैं कि आदेश का तुरंत पालन कराया जाए।

### एक को होगी सुनवाई

अदालत ने दो सप्ताह के भीतर अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। साथ ही मामले की सुनवाई 1 मार्च के लिए स्थगित कर दी। उत्तर प्रदेश की अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने कहा कि दो संगठनों ने छात्रों की काउंसलिंग के लिए स्वेच्छा से काम किया है और अधिक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा है। ज्ञात रहे कि इस मामले को लेकर काफी विवाद हुआ था।



### SC ने पूछा- क्या प्रस्तावना में किया जा सकता है संशोधन

**नई दिल्ली।** भारत के संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों को हटाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक अहम टिप्पणी की है। अदालत ने पूछा कि क्या तारीख को बरकरार रखते हुए प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता था? साथ ही कोर्ट ने इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की जरूरत बताई है। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी। दरअसल, राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी और वकील विष्णु शंकर जैन ने प्रस्तावना से 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों को हटाने की मांग की है। मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रेल को होगी। मामले की सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ कर रही है। इसी दौरान जस्टिस दत्ता ने कहा कि ऐसा नहीं है कि प्रस्तावना में संशोधन नहीं किया जा सकता।

## पीएम मोदी ने सांसदों को चौंकाया, कहा-चलो, आज आपको सजा देनी है

# PM आठ सांसदों के साथ पहुंचे संसद कैंटीन, फिर साथ में किया भोजन

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बजट सत्र के दौरान संसद कैंटीन में भाजपा और विपक्षी पार्टियों के सांसदों के साथ दोपहर का भोजन (लंच) किया। उन्होंने सांसदों के साथ संसद कैंटीन में शाकाहारी भोजन और रागी के लड्डू भी खाए।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार प्रधानमंत्री के दफ्तर की तरफ से आठों सांसदों के पास फोन आया कि पीएम मोदी आपसे मिलना चाहते हैं। इस पर ये आठ सांसद प्रधानमंत्री के दफ्तर पहुंचे, लेकिन किसी को कोई जानकारी नहीं थी कि क्यों बुलाया गया है? आठों सांसदों को प्रधानमंत्री कार्यालय के अंदर बुलाया गया। पीएम मोदी ने उन सांसदों से कहा कि चलिए आज मैं आपको एक सजा सुनाता हूं। उसके बाद प्रधानमंत्री इन 8 सांसदों को लेकर अपने साथ कमरे से बाहर निकले और संसद भवन की कैंटीन पहुंचे, जहां उन्होंने सभी के साथ दोपहर का भोजन किया।





### पहले से ही कर लिया गया था सारा इंतजाम

कैंटीन में पहले से ही सारा इंतजाम किया हुआ था। वहां पहुंचने के बाद पीएम मोदी व आठों सांसदों को शाकाहारी भोजन परोसा गया। यह सांसद अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों से भी थे। इन सांसदों ने प्रधानमंत्री मोदी से उनके अनुभवों के बारे में पूछा। पीएम करीब एक घंटे तक इन सांसदों के साथ बैठे रहे। सूत्रों के अनुसार इस दौरान कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई।

### ये सांसद शामिल हुए भोज में

पीएम मोदी ने भाजपा सांसद एल मुरूगन, हीना गावित, एस.फांगनोन कोन्याक, जामियांग ] राममोहन नायडू (टीडीपी), रितेश पांडे(बसपा) एन प्रेमचंद्रन ( रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी) और बीजद सांसद सस्मित पात्रा के साथ दोपहर का भोजन किया।

### पीएम बोले- मैं भी एक आम इंसान

पीएम ने सांसदों से बातचीत करते हुए कहा, मैं भी एक आम इंसान हूं। हमेशा एक पीएम की तरह नहीं रहता हूं। मैं भी लोगों से बात करता हूं और आज मेरा मन हुआ आप लोगों के साथ चर्चा करूं और खाना खाऊं। इसी वजह से आप लोगों को बुला लिया।सूत्रों के अनुसार कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई।

### जवाहर कला केन्द्र की पाक्षिक नाट्य योजना में नाटक बेटर हाफ का मंचन

# जीवन साथी ने ख्यालों में दिया साथ तो जीत ली जान लेने वालों से जंग

**बेधड़क.जयपुर।** प्रशांत और सुधा चटर्जी शादी के 30 साल बाद भी एक-दूसरे से बेहद प्यार करते हैं। बेटा राहुल दूसरे शहर में नौकरी करता है। प्रेम की मिठास से सराबोर यादों के साथ दोनों जीवन गुजारते हैं। अचानक सुधा की तबीयत बिगड़ जाती है। डॉक्टर सुधा को ऑपरेशन की सलाह देता है। मन नहीं होने के बावजूद परिजनों के दबाव में सुधा सर्जरी कराती है। यहां नाटक में दुखद मोड़ आता है और सुधा की जान चली जाती है। फिर प्रशांत की जिंदगी में क्या होता है और कैसे वे सर्वाइव करता है, इस कहानी को कलाकारों ने मंच पर उतारा। मौका था जवाहर कला केन्द्र की पाक्षिक नाट्य योजना में नाटक बेटर हाफ के मंचन का, जिसमें चेतना रंग समूह के कलाकारों ने मंच पर कहानी को साकार किया। नाटक की परिकल्पना, लेखन व निर्देशन आशीष श्रीवास्तव ने किया। राजस्थान में पहली बार हुआ नाटक प्रेम, करुणा, वियोग, स्वार्थ और परमार्थ के भावों की मिली जुली प्रस्तुति रही।



फोटो: पंकज शर्मा

### पत्नी के पास होने का हो जाता है भ्रम

प्रशांत अब सुधा के साथ बिताए हुए पलों में जीने लगता है। उसे सुधा के अपने पास होने का भ्रम होता है। निर्देशन की यही बारीकी रही कि नाटक भ्रम और वास्तविकता दोनों में चलता है। भ्रम में सुधा प्रशांत को धीरे-धीरे अहसास कराने लगती है कि वह उसके शरीर में बसी है। प्रशांत के शरीर का आधा भाग उसका और आधा भाग सुधा का है इसलिए वह उसकी बेटर हाफ है।



### गरीबों में बांट देते हैं मुआवजा

जांच में पता चलता है कि अस्पताल वालों की लापरवाही से सुधा की जान गई थी। प्रशांत अस्पताल के खिलाफ कानूनी जंग छेड़ देता है। उसे धमकी भरे खत भी मिलते हैं तो संचित धन जाता रहता है। अंत में प्रशांत केस जीत जाता है। प्रशांत को 20 लाख रुपए का मुआवजा मिलता है, जिसे वह जरूरतमंदों में बांट देता है। इस तरह प्रशांत असमय काल का ग्रास बनी पत्नी को न्याय दिलाता है।

### इन्होंने किया अभिनय

नाटक में राजीव श्रीवास्तव, नीति श्रीवास्तव, विवेक त्रिपाठी, गौरव जोड़े, सुनीता अहिरे, आशीष ओझा, उत्कर्ष खरे ने विभिन्न किरदार निभाए। नाटक में प्रकाश परिकल्पना कमल जैन की रही। दिनेश नायर ने सेट डिजाइन किया तो आशीष ओझा स्टेज मैनेजर रहे। पल्लवी श्रीवास्तव ने कॉस्ट्यूम डिजाइन तो आशीष श्रीवास्तव ने मेकअप संभाला।

## आपात स्थिति में जीवन को बचाने के गुर सिखाए



**बेधड़क. जयपुर।** कैम्पस में 2 दिवसीय सड़क सुरक्षा, बुनियादी जीवन समर्थन और सीपीआर पर प्रशिक्षण कार्यशाला 'सत्यम' शुरू हुई तो युवाओं को एक्सपर्ट ने गाइड किया। सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र, डब्ल्यूएचओ सहयोग केंद्र फॉर इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर एम्स दिल्ली और परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग के साथ एक यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में हो रही इस वर्कशॉप का वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. एलएन पांडे ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ. पांडे ने इमरजेंसी में जीवन बचाने के गुर सिखाए। यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन ने सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने और सभी को जागरूक नागरिक बनकर घायल की जान बचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद हम किसी घायल व्यक्ति की जान बचा पाए तो यह प्रशिक्षण सफल रहेगा। कार्यशाला में डब्ल्यूएचओ सहयोग केंद्र फॉर इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर एम्स दिल्ली से प्रशिक्षक डॉ. हिमांशी भारद्वाज, डॉ. कल्पना आर्य, नेहा बिष्ट और निशा बग्गा ने लाइव प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सीपीआर देने और अन्य इमरजेंसी सेवाओं के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यशाला में फेकल्टी मैंबर्स और सभी डिपार्टमेंट्स के स्टूडेंट्स हिस्सा ले रहे हैं, जिनको तीन दिनों तक कई नवीन जानकारी देते हुए लाइव डेमो दिया जाएगा।

## 11 जगह होगा गायत्री महायज्ञ



**बेधड़क. जयपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से रविवार को मुरलीपुरा के विकास नगर में गृह-गृह गायत्री यज्ञ श्रृंखला के तहत 11 स्थानों पर एक ही समय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी और गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ के कार्यकर्ता यज्ञ संपन्न कराएंगे। कार्यक्रम संयोजक मनोज ने बताया कि इससे पूर्व शनिवार को विकास नगर विस्तार स्थित राधा कृष्ण मंदिर में शाम 7 बजे महाआरती होगी। रविवार सुबह 8 बजे राधा कृष्ण मंदिर से व्यसन मुक्ति रैली निकाली जाएगी। गायत्री परिजन और कॉलोनीवासी व्यसनों के खिलाफ आवाज उठाएंगे। इसके बाद कॉलोनी के 11 घरों में 9 बजे से गायत्री महायज्ञ प्रारंभ होगा। सभी यजमानों के यहां देवस्थापना करा कर सद्साहित्य भेंट किया जाएगा। यज्ञ की पूर्णाहुति में पौधा लगाने, जन्मदिन और विवाह दिवस भारतीय संस्कृति के अनुरूप मनाने और रक्तदान करने का संकल्प कराया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में जयपुराइट्स हिस्सा लेंगे और भक्तिभाव जगाएंगे।

## City इवेंट्स

### 1100 से ज्यादा लोगों ने किया रक्तदान



**बेधड़क. जयपुर।** गुलाबी नगरी और झीलों की नगरी उदयपुर में कई स्थानों पर मेगा रक्तदान शिविर लगाए गए। शिविरों में 1100 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया। चूंकि, राजस्थान अभियान का केंद्र था, इसलिए शहर में कई स्थानों पर रक्तदान केंद्र स्थापित किए। इसमें जगतपुरा, आतिश मार्केट, टोंक रोड, शाहपुरा, गोपालबाड़ी और उदयपुर शामिल रहे। अभियान रेड क्रॉस सोसायटी और श्रीश्याम महोत्सव सेवा समिति की साझेदारी में किया गया। पहल का उद्देश्य न सिर्फ रक्तदान को सुविधाजनक बनाना, बल्कि जीवन बचाने में स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना रहा। रक्तदाताओं को 'हेलमेट' देकर रक्तदान अभियान में बड़ी भागीदारी को प्रोत्साहित किया, जिससे सड़क सुरक्षा और ड्राइविंग जागरूकता की वकालत की गई।

### कथक व लोकनृत्य का छलका सौन्दर्य



**बेधड़क. जयपुर।** शास्त्री नगर में नृत्य संध्या के साथ शास्त्रीय संगीत सभा की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में बाल व युवा नृत्य कलाकारों ने कथक व लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। आकर्षक फुटवर्क और बेहतरीन आंगिक भाव-भंगिमाओं से जयपुर घराने के पारंपरिक कथक का लालित्य दर्शाया। कलाकारों ने ठाठ, आमद, परण और कवित्त की प्रस्तुति में तैयारी पक्ष का प्रदर्शन किया। वहीं, मुरली की धुनसुन...रचना पर भावपक्ष नृत्य की सलोनी प्रस्तुति दी।

### ठाकुर के सम्मान में टिकट-सिक्का जारी




**बेधड़क. जयपुर।** दिल्ली के भारत मंडप में कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रील भक्ति सिद्धान्त सरस्वती ठाकुर के सम्मान में एक स्मारक टिकट और सिक्का जारी किया। कार्यक्रम उनकी 150वीं जयंती के मौके पर हुआ था। गौरतलब है उनकी जयंती की तिथि 29 फरवरी है। श्रील भक्ति सिद्धान्त सरस्वती ठाकुर गौडीय संप्रदाय के प्रमुख गुरु व आध्यात्मिक प्रचारक थे। भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति-उपासना के अनन्य प्रचारकों में उनका नाम है। आध्यात्मिक आयोजन पर श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर के अध्यक्ष अमितासन दास ने प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया और भक्तों को शुभकामनाएं दीं।

### इंडियन बर्डिंग फेयर में उमड़े युवा

## मान सागर सैरगाह पर निहारे देश और विदेश से आए पक्षी



फोटो: राजेश कुमावत


**बेधड़क | जयपुर**

मान सागर सैरगाह पर शुक्रवार को '27वां इंडियन बर्डिंग फेयर' शुरू हुआ। 'रिवाइल्डिंग' को समर्पित फेयर में पहले दिन पक्षियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में युवा पहुंचे। उन्होंने देश-विदेश से यहां आए पक्षियों को निहारा और पक्षी विशेषज्ञों से बड्र्स की प्रजातियों और उनके प्रवास के बारे में संपूर्ण जानकारी ली। टूरिज्म एंड वाइल्ड लाइफ सोसायटी (टीडब्ल्यूएसआई) द्वारा हो रहे राजस्थान सरकार के वन विभाग द्वारा समर्थित फेयर में दूरबीन की सहायता से बच्चों और बड़ों को प्रवास कर रहे पक्षियों को दिखाया जा रहा है।

आनंद मिश्रा ने बताया कि इसका उद्देश्य एक ऐसे आयोजन के जरिए प्रकृति को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है, जो यह सभी के लिए ओपन हो। उन्होंने कहा कि फेयर स्टूडेंट्स, टीचर्स और विजिटर्स सबके लिए पूरी तरह से खुला है। वे कंजर्वेशन सैशंस में भाग ले सकते हैं। उन्हें पुरस्कार जीतने का अवसर मिलेगा। लाइव बैंड, फूड कोर्ट और जंगली प्रजातियों का प्रदर्शन फेयर के आकर्षण हैं। यूके में ग्लोबल बर्ड फेयर के आयोजक टिम एप्पलटन ने दो विशेषज्ञों (श्रॉपशायर से जेम्स व जेनी) को नियुक्त किया है, जो राजस्थान में जंगली इलाकों का दौरा कर रहे हैं। अमेरिका के एड मैक क्रिआ ने अपने रिवाइल्डिंग के उदाहरण यहां उपयोग के लिए भेजे हैं।

### 15 फरवरी तक चलेगा फेस्ट

## बड़े पर्दे पर डीडीएलजे-मोहब्बतें मनाएंगी युवाओं संग वेलेंटाइन










**बेधड़क | जयपुर**

जयपुराइट्स को बड़े पर्दे पर एक बार फिर रोमांटिक मूवीज और फेवरेट स्टार्स की मौजूदगी रूमानियत का अहसास कराएगी। इस वेलेंटाइंस डे पर जयपुराइट्स के लिए बड़े पर्दे पर कुछ खास रोमांटिक मूवीज को फिर से लाया जाएगा, जिससे उनके इस खास दिन को और भी खूबसूरत बनाया जा सके।

पीवीआर-आईनोक्स ने इसके लिए खास तैयारी की है और बड़े पर्दे पर वेलेंटाइंस फिल्म फेस्ट मनाया जाएगा। रोमांस किंग के नाम से फेमस बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की तीन सुपरहिट मूवीज यूथ में खास आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

फेस्ट में जेम्स कैमरोन की टाइटेनिक, शाहिद-करीना स्टारर जब वी मेट, कार्तिक आर्यन-नुसरत भरुचा स्टारर प्यार का पंचनामा, शाहरुख-ऐश्वर्या स्टारर मोहब्बतें, शाहरुख-प्रीटी जिंटा स्टारर वीर जारा, शाहरुख-काजोल स्टारर डीडीएलजे, रणबीर-दीपिका स्टारर ये जवानी है दीवानी, दुल्कर सलमान-मृनाल ठाकुर स्टारर सीता रामम के साथ ही विभिन्न भाषाओं की 19 मूवीज फेस्ट में शामिल होंगी। 15 फरवरी तक चलने वाला फेस्ट मुंबई, दिल्ली, पुणे, गोवा, बैंगलुरु, चेन्नई, अहमदाबाद, कोलकाता, हैदराबाद, कोच्चि, लखनउ, इंदौर आदि के साथ जयपुर में मनाया जाएगा। फेस्ट 62 अन्य शहरों में भी जाएगा।

### JIFF 23 फिल्में और 20 राजस्थान से दिखाई जाएगी

## बत्ती-ए-बॉय वू ड्रीमट ऑफ इलेक्ट्रिसिटी रही बेस्ट फिल्म

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुराइट्स ने अवॉर्ड विनिंग फिल्में देखीं और मैसेज को समझा। साथ ही लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। मौका रहा जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ) के आगाज का, जो आईनॉक्स जी टी सेन्ट्रल में हुआ।

इस मौके पर सिने इतिहासकार मुरलीधर सोनी को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से नवाजा गया। सम्मान ऑस्ट्रेलियाई एक्टर और फिल्मकार एंड्रयू वियाल, जिफ फाउंडर हनु रोज और प्रवक्ता राजेंद्र बोड़ा ने दिया। ये अवॉर्ड सबसे बढ़कर इस अवसर पर सोनी ने कहा कि मानना है किसी फिल्म पत्रकार को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड देने का निर्णय जुनूनी और साहसी शख़्स ही ले सकता है। पुरस्कार और सम्मान पहले भी मिले हैं, लेकिन यह अवॉर्ड सबसे बढ़कर है। इस बार हिन्दी सिनेमा की वरिष्ठतम अभिनेत्री कामिनी कौशल को आउटस्टैंडिंग लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया, जो उनके मुम्बई स्थित घर जाकर दिया जाएगा।





### 13 फरवरी तक चलेगा फेस्टिवल

समारोह में 13 फरवरी तक देश-विदेश की बेस्ट 23 फिल्में और 20 राजस्थान से दिखाई जाएगी। राजस्थान से बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड जिगर नागदा के निर्देशन में बनी फिल्म बत्ती-ए बॉय वू ड्रीमट ऑफ इलेक्ट्रिसिटी, बेस्ट शॉर्ट फिक्शन फिल्म का अवॉर्ड शुभम दाधीच की वीरबाला, बेस्ट शॉर्ट डाक्यूमेंट्री का अवॉर्ड राकेश गोगना की पुष्कर फेयर, बेस्ट वेब सीरीज का अवॉर्ड गौरव पंजवानी की कोर्स रोड और बेस्ट सॉन्ग का वार्ड मालती गुप्ता के सॉन्ग वाटर एन्ड फायर को दिया गया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 10 फरवरी, 2024





जब आप कुछ कह सकते हो, तब चुप रहना भी एक झूठ है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

# इजराइल-हमास सीजफायर के लिए नई पहल



*यरुशलम। अमेरिका की पहल पर इजरायल से समझौता करने को लेकर मुस्लिम देश तैयार होते नजर आ रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के दौरे के बाद सऊदी अरब ने गाजा पर बातचीत के लिए अरब राजनयिकों की मेजबानी की। रिपोर्ट के अनुसार, इस चर्चा के दौरान मध्य-पूर्वी 4 शीर्ष राजनयिकों ने फिलिस्तीन की मान्यता को बनाए रखने के लिए कदम उठाने की बात दोहराई। यह बैठक गुरुवार को आयोजित की गई जो कि ब्लिंकन के मिडिल ईस्ट के दौरे के बाद हुई। गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद यह मध्य-पूर्व का उनका 5वां दौरा था। मीटिंग में मिस्र, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया। साथ ही एक सीनियर फिलिस्तीनी अधिकारी भी मौजूद रहे।*

### चीनी नव वर्ष पर दंपतियों को सिंगापुर के पीएम का संदेश

# ‘परिवार में एक छोटा ड्रैगन जोड़ें’

**एजेंसी** | सिंगापुर

दुनिया की आबादी आठ सौ करोड़ से ज्यादा हो चुकी है। कई देश बढ़ती आबादी से चिंतित हैं तो कई आबादी बढ़ाने की मुहिम चला रहे हैं। ऐसे ही देशों में एक सिंगापुर भी है। सिंगापुर की सरकार ने इस साल बच्चे पैदा करने के लिए परिवारों से आग्रह किया है। दरअसल, चीनी राशिफल 10 फरवरी से शुरू हो रहा है। चीन मूल के कई परिवारों द्वारा ड्रैगन वर्ष में जन्मे बच्चों को शुभ मानने के बीच, सरकार ने बच्चे पैदा करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने विवाहित दंपतियों से साल के दौरान बच्चे पैदा करने का अनुरोध किया। साथ ही उन्हें अपनी सरकार के समर्थन का आश्वासन भी दिया। इसके अलावा, वार्षिक चीनी नववर्ष के मौके पर पीएम ली ने कहा ड्रैगन शक्ति, शक्ति और सौभाग्य का प्रतीक है।

### आज से प्रारंभ हो रहा है चीनी राशिफल 2024

चीनी राशिफल 2024 इस वर्ष 10 फरवरी 2024 से प्रारंभ हो रहा है और चीनी राशिफल के अनुसार यह साल ‘द ईयर ऑफ ड्रैगन’ के नाम से जाना जाएगा। चीनी पौराणिक कथाओं में ड्रैगन को एक शक्तिशाली और शुभता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है जो साहस, रचनात्मक और नवीनता का प्रतिनिधित्व करता है। ड्रैगन वर्ष जिस दिन शुरू हो रहा है उसी दिन यानी 10 फरवरी को प्रधानमंत्री ली का जन्मदिन है। उनका जन्म 1952 में ड्रैगन के वर्ष में हुआ था। ऐसे में पीएम ने कहा, ‘युवा जोड़ों के लिए अपने परिवार में एक ‘छोटा बच्चा’ जोड़ने का अच्छा समय है।’



### आखिरकार जोड़े तय करेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा, ‘वह सिर्फ इस बात का समर्थन कर सकते हैं। लेकिन आखिरकार जोड़े तय करेंगे कि उन्हें बच्चे पैदा करना है या नहीं। मुझे उम्मीद है कि अधिक लोग आगे बढ़ने का फैसला करेंगे।उन्होंने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनका प्रोत्साहन अधिक जोड़ों को एक बच्चा पैदा करने के लिए प्रेरित करेगा। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि यह फैसला एक बहुत ही व्यक्तिगत है। पीएम ली ने कहा, ‘परिवार हमारे दिल में हैं। वह हमें अटूट शक्ति और समर्थन देते हैं। हमारी जीत में हमारे लिए जयकार करते हैं और प्रतिकूल परिस्थितियों में हमारे साथ खड़े होते हैं। वे हमारी पहचान, अपनेपन और उद्देश्य की भावना का एक बड़ा हिस्सा हैं।

### रूस के साथ युद्ध के बीच यूक्रेनी सेना में बड़ा बदलाव

# राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सेना प्रमुख वालेरी को हटाया

**एजेंसी** | कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के साथ चल रहे युद्ध के बीच यूक्रेनी सेना में बड़ा बदलाव किया है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने गुरुवार को सेना प्रमुख जनरल वालेरी जालुजनई को पद से हटा दिया। पिछले कुछ हफ्तों से जालुजनई (50) के खिलाफ कार्रवाई की अटकलें थीं। यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने फेसबुक पोस्ट में बताया कि यूक्रेन के सशस्त्र बलों के नेतृत्व को बदलने का निर्णय लिया गया।



**यूक्रेन के सशस्त्र बलों में बदलाव के मुद्दे पर चर्चा:** जनरल जालुजनी ने रूस के हमले बाद सफल बचाव से लेकर यूक्रेन के युद्ध प्रयासों का नेतृत्व किया। जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने और जनरल जालुजनी ने यूक्रेन के सशस्त्र बलों में बदलाव के मुद्दे पर चर्चा की। हमने यह भी चर्चा की कि यूक्रेनी सेना का नया प्रमुख कौन हो सकता है। उन्होंने प्रस्ताव दिया है कि जनरल जालुजनी सेना का हिस्सा बने रहें। पिछले हफ्ते यूक्रेन में अफवाह फैली थी कि सेना प्रमुख जनरल जालुजनी को बर्खास्त कर दिया गया है। बाद में यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय को इसका खंडन करना पड़ा था।


युद्ध की स्थिति एक जैसी नहीं रहती। युद्ध बदलता है और इसके लिए बदलाव की जरूरत होती है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सेना प्रमुख को बदलने का फैसला ऐसे समय पर लिया है, जब रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन को कई संकटों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ जहां रूसी सेना ने यूक्रेन के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं, वहीं अमेरिका की तरफ से कीव को सहायता मिलने पर अनिश्चितता के साथ यूक्रेन में नागरिक और सैन्य नेतृत्व के बीच तनाव देखने को मिल रहा है।

इससे पहले, राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा था कि उन्होंने आर्मी जनरल से मुलाकात की और यूक्रेन की दो साल तक रक्षा करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यूक्रेनी सेना और लोगों के बीच लोकप्रिय आर्मी जनरल वालेरी जालुजनई ने इस्तीफा दे दिया है या उन्हें पद से हटाया गया है।

# कुल्हाड़ी-चाकू के बल पर ट्रेन हाईजैक की कोशिश

**एजेंसी** | सिंगापुर

स्विट्जरलैंड में एक ट्रेन को बंधक बनाने की कोशिश का मामला सामने आया है। यहां गुरुवार रात एक व्यक्ति ने ट्रेन को बंधक बनाने की कोशिश की। हालांकि, कुछ घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने संदिग्ध को मार गिराया और बंधकों को सुरक्षित मुक्त करा लिया। वाउद कैंटन पुलिस के प्रवक्ता जीन-क्रिस्टोफ सौटेरेल ने बताया कि संदिग्ध के पास एक कुल्हाड़ी और चाकू था। वह फारसी तथा अंग्रेजी बोल रहा था। फिलहाल, बंधक बनाने वाले की पहचान की



अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और जांच की जा रही है। इसके अलावा, अभी अपराधी के ट्रेन को बंधक बनाने के कारण का पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है कि संदिग्ध ने एक पुलिस अधिकारी पर कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था, जिसके जवाब में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। फारसी तथा अंग्रेजी बोल रहे संदिग्ध ने 15 लोगों को बंधक बनाया, जिन्हें उसने शाम 6:35 बजे से रात 10:30 बजे तक लगभग चार घंटे तक कैद में रखा गया। संदिग्ध ने यवरडोन के पास ट्रेन रुकवाई और कंडक्टर को यात्रियों में शामिल होने के लिए मजबूर किया। हालांकि, कंडक्टर ने तब तक पुलिस को स्थिति के बारे में सतर्क कर दिया था। बाद में पुलिस ने संदिग्ध से व्हाट्सएप पर बातचीत की। उसके फारसी और अंग्रेजी बोलने के कारण ईरान में प्रमुख भाषा फारसी बोलने वाले अनुवादक की मदद ली गई।

### आतंकी सईद के मंसूबों पर फिरा पानी...

## पाक में आतंकी हाफिज का बेटा चुनाव हारा



**इस्लामाबाद**। पाक में हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद लाहौर एनए 122 सीट से चुनाव हार गया है। उसे इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थक निर्दलीय उम्मीदवार लतीफ खोसा ने 1 लाख से भी ज्यादा मतों से मात दी। तल्हा सईद को सिर्फ 2024 वोट मिले, जबकि जीत हासिल करने वाले लतीफ खोसा को 117109 वोट मिले। नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के उम्मीदवार साद रफीक 77907 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इसे हाफिज सईद के आतंकी मंसूबों पर पानी फिर गया है। हाफिज की कोशिश अपने आतंकवादी बेटे को पाकिस्तान की राजनीति में सेट करने की थी। इसके लिए हाफिज के इशारे पर लश्कर ए तैयबा ने एक नई राजनीतिक पार्टी भी बनाई थी।




### न्यूक्लियर फ्यूजन का बनाया विश्व रिकॉर्ड

# ‘नकली सूरज’ बनाने के करीब वैज्ञानिक

**एजेंसी** | लंदन

दुनियाभर में इस समय अनंत ऊर्जा के स्रोत को खोजने को लेकर अरबों डॉलर का निवेश किया जा रहा है। अमेरिका से लेकर चीन तक के वैज्ञानिक अनंत ऊर्जा के स्रोत को लेकर शोध कर रहे हैं। इस बीच ब्रिटेन के बहुचर्चित ऑक्सफोर्ड शहर के पास वैज्ञानिक और इंजीनियरों ने न्यूक्लियर फ्यूजन एनर्जी का रिकॉर्ड बनाया है। इसे साफ और स्वच्छ अनंत ऊर्जा हासिल करने की दिशा में एक और बड़ा कदम माना जा रहा है। इस प्रयोग के दौरान 12 हजार घरों के लिए बिजली बनाने में सफलता मिली।



### टोकामैक मशीन में तापमान 150 मिलियन डिग्री सेल्सियस

वैज्ञानिकों ने इस टोकामैक मशीन में हाइड्रोजन के दो रूप ड्यूटेरियम और ट्रिटियम डाले, जिनका इस्तेमाल भविष्य के वाणिज्यिक संलयन संयंत्रों में भी किया जाएगा। संलयन ऊर्जा बनाने के लिए, वैज्ञानिकों की टीम ने मशीन में तापमान को 150 मिलियन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा दिया, जो सूर्य के केंद्र से लगभग 10 गुना अधिक गर्म है। यह अत्यधिक गर्मी ड्यूटेरियम और ट्रिटियम को एक साथ मिलकर हीलियम बनाने के लिए मजबूर करती है और इस प्रक्रिया में भारी मात्रा में ऊर्जा निकलती है।

न्यूक्लियर फ्यूजन ठीक वही तकनीक है जिसके आधार पर हमारा सूरज काम करता है और यही वजह है कि इस प्रयोग को नकली सूरज बनाने का प्रयास कहा जा रहा है।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक एक बड़े डोनट के आकार की मशीन ‘ज्वाइंट यूरोपियन टॉरस’ (जेईटी) या टोकामैक का उपयोग करके वैज्ञानिकों ने सिर्फ 0.2 मिलीग्राम ईंधन से पांच सेकंड के लिए 69 मेगाजूल संलयन आधारित ऊर्जा उत्पन्न की। यह ऊर्जा लगभग 12,000 घरों को समान समय के लिए बिजली देने के बराबर है। नाभिकीय संलयन ठीक वही प्रक्रिया है जो सूर्य और अन्य तारों को ऊर्जा देती है। इसे स्वच्छ ऊर्जा का बड़ा स्रोत माना जा रहा है। दुनियाभर के विशेषज्ञों ने दशकों से पृथ्वी पर इस जटिल प्रक्रिया को पूरा करने के लिए काम किया है। यदि वे ऐसा कर पाते हैं, तो परमाणु संलयन बहुत कम ईंधन से भारी मात्रा में ऊर्जा पैदा कर सकता है। साथ ही साथ वातावरण को गर्म करने वाला कार्बन भी इस प्रक्रिया के दौरान नहीं निकलेगा।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl